


होमी जहांगीर भाभा जयंती आज

सांध्य दैनिक

# इंदौर संकेत

आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650



राष्ट्रपिता को नमन...

dainikindoresanket24@gmail.com | इंदौर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025 | ■ वर्ष : 5 ■ अंक : 03 ■ पृष्ठ : 6 ■ मूल्य : 2

2 सोनम-राज समेत 5 आरोपियों पर आरोप तय
5 सेमीफाइनल में आज होगा भारत-ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला
6 मप्र में 50 लाख वोटर हटाने की तैयारी- सिंघार

## आंवला नवमी पर 'अक्षय पुण्य'...



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● आज आंवला नवमी है। महिलाओं ने आंवले के पेड़ की पूजा को और उसकी परिक्रमा की। विदित है कि आंवला नवमी का त्योहार कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। इस बार यह त्योहार आज मनाया गया। आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। शास्त्रों के अनुसार अक्षय नवमी के दिन किया गया पुण्य कभी समाप्त नहीं होता। आंवला नवमी के दिन का पूजन करके परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की जाती है। कहा जाता है की इस दिन किया हुआ दान, पूजा, व्रत आदि कार्य का कई गुना अधिक परिणाम मिलता है। साथ ही साथ व्यक्ति को सभी कष्टों से भी मुक्ति मिलती है। पदम् पुराण के अनुसार अक्षय नवमी के दिन आंवले के वृक्ष में भगवान विष्णु और शिवजी का वास होता है।

# एक बार फिर हुआ इंदौर कलेक्टोरेट में अधिकारियों के बीच कोल्ड वॉर

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● एक बार फिर मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रभार जिले वाले इंदौर कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ अधिकारियों के बीच कार्य व्यवस्था को लेकर कोल्ड वॉर शुरू हुआ। इससे पूर्व भी एक-दो अवसरों पर इस तरह की कहा-सुनी के अवसर आए थे, किन्तु कलेक्टर शिवम वर्मा की समझाइश के चलते मामला थम सा गया। ताजे मामले में इंदौर कलेक्टोरेट में पदस्थ चार अपर कलेक्टरों के बीच में कहासुनी हो गई है। दो अपर कलेक्टर का मानना है कि दूसरे अपर कलेक्टर उनके क्षेत्राधिकार में दखल दे रहे हैं। यह विवाद भी स्टाफ को लेकर हुआ है। इसमें दो अपर कलेक्टर तो आईएएस है। यह कहासुनी अपर कलेक्टर आईएएस पवार नवजीवन विजय, हाल ही में आईएएस प्रमोट हुई निशा डामोर के साथ अपर कलेक्टर रोशन राय और अपर कलेक्टर रिंकेश वैश्य के बीच हुई है। इसमें एक ओर आईएएस विजय और रिंकेश वैश्य थे तो दूसरी ओर रोशन राय और निशा डामोर। अपर कलेक्टर आईएएस गौरव बैनल के सिंगरौली कलेक्टर बनकर जाने के बाद इनके कामों में अधिकांश काम रिंकेश वैश्य के पास गया। इसमें कॉलोनी सेल, खनिज शाखा, स्थापना जैसे प्रभार है। वहीं आईएएस विजय के पास खाद्य शाखा, चुनाव, भावांतर योजना जैसे जिम्मे हैं। अधिक शाखाएं रिंकेश के पास है, ऐसे में स्टाफ को शाखाओं के हिसाब से उनके पास बुलाया गया। विजय द्वारा उन्हें रिलीव नहीं किया गया। इसे लेकर ही कहासुनी शुरू हुई। इसी बीच आईएएस विजय ने स्थापना शाखा की नोटशीट चलाते हुए स्टाफ को अपने पास शिफ्ट करने की फाइल चलाई। लेकिन यह शाखा का प्रभार रिंकेश के पास है। उधर एक ड्राइवर व स्टाफ को लेकर अपर कलेक्टर डामोर और एडीएम रोशन राय के बीच में विवाद हुआ। डामोर ने कुछ स्टाफ की मांग की, इसमें ड्राइवर की भी मांग शामिल थी और अपने हिसाब से फाइल चला दी। वहीं यह काम रोशन राय के पास था जिस पर उन्होंने आपत्ति ली। इसी बात को लेकर दोनों के बीच में तल्खी हुई।



## 7 फरवरी तक प्रदेश में कलेक्टर-एसडीएम के ट्रांसफर पर लगा ब्रेक

*मध्य प्रदेश में कलेक्टर, एसडीएम, डिप्टी कलेक्टर (संयुक्त कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर) और तहसीलदार का ट्रांसफर अब 7 फरवरी तक नहीं किया जा सकेगा। चुनाव आयोग ने साफ निर्देश दिए हैं कि जब तक मतदाता सूची (वोटर लिस्ट) से जुड़ी एसआईआर प्रक्रिया पूरी नहीं हो जाती, तब तक इन अफसरों को नहीं हटाया जाएगा बादलों पर रोक। अगर किसी अफसर का ट्रांसफर बहुत ज़रूरी हो भी गया, तो पहले चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी। हालांकि, सरकार चाहे तो इस दौरान सीनियर आईएएस अफसरों का ट्रांसफर कर सकती है। उस पर कोई रोक नहीं है। तबादलों पर रोक ने मुख्य सचिव को लिखकर कहा है कि वोटर लिस्ट से जुड़े काम के बीच में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर), उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रजिस्ट्रेशन अधिकारी (संयुक्त कलेक्टर/डिप्टी कलेक्टर) और सहायक रजिस्ट्रेशन अधिकारी (तहसीलदार/नायब तहसीलदार) के ट्रांसफर नहीं हों। हालांकि आयोग ने संभागायुक्तों के ट्रांसफर पर सीधे तौर पर रोक नहीं लगाई है। लेकिन उन्हें पूरी वोटर लिस्ट पुनरीक्षण प्रक्रिया की निगरानी (मॉनिटरिंग) की जिम्मेदारी दी गई है, इसलिए उनका भी ट्रांसफर फिलहाल टल सकता है। जिलों में जो अपर कलेक्टर या सीईओ जिला पंचायत के पद पर तैनात अफसर हैं, वे इस रोक के दायरे में नहीं आते। यानी सरकार चाहें तो इनके तबादले कर सकती है।*

## ब्रेकिंग न्यूज

- पटना में अमित शाह बोले - सरदार पटेल व्यक्ति नहीं, एक विचारधारा हैं
- ट्रंप-जिनपिंग मीटिंग सफल रही, चीन पर 47% टैरिफ और नई व्यापार डील तय
- महाराष्ट्र : वाशिम में बंजारा समाज का प्रदर्शन, एसटी आरक्षण को लेकर 800 पुलिसकर्मी तैनात
- व्लादिमीर पुतिन का दावा, रूस ने यूक्रेन के दो पूर्वी शहरों को पूरी तरह घेर लिया
- क्यूबा में तूफान मेलिसा का तांडव, अब तक 25 लोगों की मौत
- पाकिस्तान के सेंट्रल कुर्रम में धमाका, सुल्तान कलाय क्षेत्र में 6 सैनिकों की मौत और 14 घायल
- 20 साल बाद जेल से रिहा हुआ नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी सुखदेव यादव, सड़क हादसे में मौत

# कांग्रेस के पास नहीं बूथ लेवल एजेंट, निजी आईटी टीम के सहारे होगा मतदाता सूची का परीक्षण

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● भारत निर्वाचन आयोग के एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा के बाद से ही कांग्रेस बैचेन है। अभी तक शहर, ग्रामीण कार्यकारिणी के ठिकाने तो ही नहीं। वहीं एसआईआर में सबसे अहम भूमिका निभाने वाले बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) ही कांग्रेस के पास नहीं है। अब कांग्रेस मतदाता सूची फिल्टर के लिए निजी सेवाएं ले रही है।

हर राजनीतिक पार्टी को बूथ की मतदाता सूची पर आपत्ति का अधिकार है। सुधार और अन्य काम के लिए बीएलए की नियुक्ति होती है। बीजेपी में सभी बूथ कमेटी रहती है और यहां तक इसमें बूथ के लिए बनी मतदाता बुकलेट में हर पन्ने पर दर्ज मतदाताओं पर एक पन्ना प्रभारी तक होता है। लेकिन हमेशा संगठन के लिए तरसने वाली कांग्रेस के पास बीएलए नाम पर केवल दावे हैं, नाम नहीं है। इंदौर में 2625 मतदान केंद्र है यानी इतने बीएएल चाहिए, लेकिन मुश्किल से 20-30 फीसदी बूथ ही कवर है। उधर कांग्रेस के पास मतदाता सूची निरीक्षण, आपत्ति लेने के तरीके आदि के नाम पर अभी कोई मजबूत ढांचा नहीं है। ऐसे में रिटायर बैंककर्मी निर्मल कासलीवाल की सेवाएं ली जा रही है।







सूत्रों के अनुसार हर विधानसबावार करीब सवा लाख रुपए का भुगतान किया जाएगा। हालांकि शहर कांग्रेस से चुनाव प्रभारी संजय बाकलीवाल का कहना है कि कासलीवालजी पीसी सेठी जी के समय से चुनाव संचालन देखते हैं। वह मतदाता सूची फिल्टर का काम देख रहे हैं। इसके लिए जो आईटी टीम लगती है, उसके लिए भुगतान किया जाता है। कासलीवाल को इसके लिए भुगतान नहीं होता है, वह सेवाएं दे रहे हैं। उधर बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति पर कांग्रेस के बाकलीवाल का कहना है कि 60 फीसदी बूथ लेवल नियुक्त हो गए हैं। कुछ बदलाव करना है वह कर रहे हैं। वहीं संगठन ने तय किया है कि जो नेता जिस बूथ में मतदाता है, उसे उसी बूथ का बूथ लेवल एजेंट बनाया जाए। बड़े नेताओं, विविध मोर्चा प्रभारियों व सभी को इसी तरह जिम्मेदारी दी जाएगी। इससे संगठन स्तर पर इस मुद्दे को बेहद गंभीरता से लिया जाएगा। हमे उम्मीद नहीं थी कि एसआईआर इतनी जल्दी लागू हो जाएगा, लेकिन हम बीएलए नियुक्त कर लेंगे। उधर कांग्रेस नेता राकेश यादव ने कहा कि राहुल गांधी के वोट चोर गद्दी छोड़ नारे को सार्थक करने का समय आ गा गया है। पीसीसी को इंदौर सहित प्रदेश स्तर पर 65 हजार बीएलए तत्काल नियुक्त करना चाहिए। साथ ही हर बूथ पर 10 सदस्यीय टीम बनाना चाहिए। यही समय है वोट चोरी रोक सकते हैं। जो बीएलए घोषित हो वह फोटोयुक्त सूची, मोबाइल नंबर, बूथ नंबर के साथ हो। इसके लिए राहुल गांधी जी और प्रदेश संगठन प्रभारी संजय कामले को पत्र लिखा है।

## नमाज़ जैसे आसन विवाद पर सरकारी स्कूल के शिक्षक निलंबित

**बुरहानपुर `(एजेंसी)** ● बुरहानपुर ज़िले के एक सरकारी स्कूल के शिक्षक को देवहारी स्थित शासकीय हिंदी माध्यमिक विद्यालय में सूर्य नमस्कार से पहले छात्रों को नमाज़ जैसे आसन कराने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। अधिकारियों के अनुसार, यह शिकायत एक जन शिक्षक के माध्यम से ज़िला शिक्षा अधिकारी संतोष सिंह सोलंकी तक पहुँची। रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए, सोलंकी ने स्कूल का दौरा किया और छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के बयान दर्ज किए। उनमें से कुछ ने इस बात की पुष्टि की कि सूर्य नमस्कार से पहले नमाज़ जैसे आसन कराए जा रहे थे।

जांच के आधार पर, शिक्षक जाबूर अहमद तड़वी को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। घटना का वीडियो बुधवार को सोशल मीडिया पर सामने आया। डीईओ सोलंकी ने बताया कि हमें देवहारी सरकारी मिडिल स्कूल से शिकायत मिली थी कि एक शिक्षक छात्रों को नमाज़ जैसे आसन करवा रहा था। चूँकि शिक्षकों को सरकारी स्कूलों में किसी भी धर्म की धार्मिक प्रथाओं को पढ़ाने या बढ़ावा देने की अनुमति नहीं है, इसलिए आरोपी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। विभागीय जाँच शुरू कर दी गई है। तड़वी ने आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि वह केवल सरकार द्वारा निर्धारित योग पाठ्यक्रम का पालन कर रहे थे। उन्होंने कहा, ये आरोप पूरी तरह से निराधार हैं। समय सारिणी में सुबह 10:30 से 11:30 बजे तक योग का एक सत्र शामिल है, जिसके दौरान छात्र आधिकारिक सूर्य नमस्कार पुस्तिका से योग आसन करते हैं।

## लंबी कवायद के बाद डीएविवि ने तैयार किया शिकायत निवारण ऐप

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● महीनों की देरी के बाद, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (डीएवीवी) आखिरकार अगले 10 दिनों में अपना समर्पित छात्र शिकायत निवारण ऐप लॉन्च करने के लिए तैयार है। ऐप का अंतिम परीक्षण हाल ही में किया गया, जो इसके आधिकारिक रोलआउट से पहले का अंतिम चरण है।

हिंदी और अंग्रेजी दोनों में उपलब्ध इस द्विभाषी ऐप का उद्देश्य विश्वविद्यालय के दो लाख से अधिक छात्रों को वन-स्टॉप समाधान प्रदान करना है। इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से, छात्र परीक्षा, परिणाम, डुप्लीकेट मार्कशीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट और डिग्री से संबंधित समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज करा सकेंगे। वे पाठ्यक्रम से बाहर के प्रश्नपत्रों, मूल्यांकन त्रुटियों या परीक्षा प्रक्रियाओं में किसी भी विसंगति के बारे में भी अपनी चिंताएँ व्यक्त कर सकेंगे।



डीएवीवी के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर आशीष तिवारी ने बताया कि इस ऐप को जवाबदेही और समय पर शिकायत निवारण सुनिश्चित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। उन्होंने कहा, यह ऐप सिर्फ़ औपचारिकता नहीं होगी। हर शिकायत की निगरानी की जाएगी और एक निश्चित समय सीमा के भीतर उसका समाधान किया जाएगा। अगर कोई शिकायत अमान्य भी पाई जाती है, तो भी छात्र को कारण बताते हुए एक अपडेट मिलेगा।

इससे पहले, विश्वविद्यालय ने लगभग चार महीने पहले इस ऐप को लॉन्च करने की योजना बनाई थी, लेकिन बार-बार तकनीकी गड़बड़ियों के कारण इसकी रिलीज़ में देरी हुई। इससे पहले दो परीक्षण आयोजित किए गए थे, जिनमें कई तकनीकी समस्याओं की पहचान की गई और उनका समाधान किया गया। सोमवार को आयोजित अंतिम परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा हुआ और अब ऐप उपयोग के लिए तैयार है।

## अब दो पहिया वाहन पर पीछे बैठने वाले को भी लगाना पड़ेगा हेलमेट

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● पुलिस ट्रैनिंग एंड रिसर्च इंस्टिट्यूट (पीटीआरआई) ने आदेश जारी कर, शहर में दोपहिया वाहन सवारों के लिए एक और सख्त नियम लागू कर दिया है। पीटीआरआई के जारी आदेश के अनुसार अब, दोपहिया वाहन पर बैठने वाले सभी व्यक्तियों अर्थात चालक और पीछे बैठने वाले को भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होगा। यह नियम 4 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों पर भी लागू रहेगा। अर्थात अब सिर्फ चालक ही नहीं। पीछे बैठने वालों को भी हेलमेट लगाकर बैठना पड़ेगा। बता दें कि अभी तक केवल वाहन चालक तक सीमित। यह नियम पहले से ही है, परन्तु इसे अब कई हादसों में, पीछे बैठने वाले की जान जाने के बाद पीछे बैठने वाले के लिए भी अनिवार्य करते पीटीआरआई ने यह सख्त कदम उठाया है। पीटीआरआई द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी व्यक्ति को बिना



हेलमेट वाहन चलाने या पीछे बैठने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई वाहन बिना हेलमेट चेकिंग पॉइंट से गुजरता है तो वहां तैनात पुलिसकर्मी को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा।

पीटीआरआई ने पुलिस को निर्देश दिए हैं कि.. आदेश लागू करने से पहले अपने-अपने क्षेत्रों में जागरुकता अभियान चलाएं। ताकि लोग बिना विरोध के हेलमेट पहनने की आदत डाल सकें। इसके लिए स्कूलों, कॉलेजों और ट्रैफिक चौराहे पर जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हालांकि, यह नियम सिख समुदाय के लिए पूर्व की तरह लागू नहीं होगा।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भगवान सहस्त्रार्जुन जयंती पर दीपदान कार्यक्रम



**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कार्तिक मास के पुण्य समय में कल्चुरी कलाल समाज के सौजन्य से गीता भवन मंदिर परिसर स्थित भगवान सहस्त्रार्जुन मंदिर में दीपदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह भव्य कार्यक्रम सायं 6 बजे से 8 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें कलचुरी समाज के लगभग 100 सदस्य उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक रूप से लगभग 1100 दीप प्रज्वलित किए गए। दीपदान के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा भगवान सहस्त्रार्जुन चालीसा का पाठ किया गया तथा विधिवत पूजा-अर्चना एवं आरती सम्पन्न की गई। कार्यक्रम की मुख्य संयोजक डॉ. संध्या चौकसे ने सभी समाजजनों का आभार व्यक्त करते हुए आव्हान किया कि आने वाले वर्ष में भगवान सहस्त्रार्जुन जयंती के अवसर पर और अधिक संख्या में एकत्रित होकर भव्य दीपदान किया जाए, जिससे समाजिक एकता और धार्मिक भावनाओं को और बल मिले। यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और समाजिक एकता का सुंदर प्रतीक बना रहा।

### 22 फरवरी को होगा युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कोली समाज में विवाह योग्य युवक-युवतियों के रिस्ते तलासने में उनके माता-पिता का भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में महावर विचार मंच एवं महावर कोली समाज वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान 15 साल बाद फिर युवक-युवती परिचय सम्मेलन 22 फरवरी को होगा, सम्मेलन का प्रथम निमंत्रण कोली समाज के जन्मदाता एवं अयोध्या के प्रथम चक्रवृति सम्राट राजा मान्धाता की घोर तपस्या से स्वयं विंध्याचल पर्वत पर बसे औंकार जी महाराज को देने हेतु महावर कोली समाज के 65 समाजबंधु ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग पहुंचे।

### श्री राम मंदिर में गौमाता को छप्पन भोग अर्पण किया

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पंचकुइया स्थित श्री राम मंदिर आश्रम में गोपाष्टमी के अवसर पर एक अद्भुत आयोजन हुआ, गौमाता को छप्पन भोग लगाया। अग्रपीठाधीश्वर - मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने गौपूजन करके महाआरती की। पंचकुइयां पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर राम गोपाल दास महाराज ने बताया कि गोपाष्टमी के पावन अवसर पर गौधाम में विश्व का पालन करने वाली वैदलक्षणा देशी गौमाता को छप्पन भोग अर्पण किए। अग्रपीठाधीश्वर - मलूकपीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज ने महाआरती की। इस अनूठे अनुष्ठान में सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया। महाराज श्री ने गौ माता का पूजन आचार्य पंडितों की उपस्थिति में वेद मंत्रों के बीच किया। आरती करके गौ सेवा की गौ माता को छप्पन भोग प्रसादी खिलाई। इसके बाद कामधेनु गौमाता को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की गई।

### प्रतिदिन गौसेवा और गौपूजन अवश्य करे-अग्रपीठाधीश्वर

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • जो व्यक्ति गौमाता के नामो का उच्चारण करता है उसके सारे पापों से मुक्ति मिल जाती है, गौमाता के दर्शन करने से आनंद की प्राप्ति होती है। गौ पूजन अवश्य करना चाहिए। निष्ठापूर्वक वैदिक धर्म का पालन करना चाहिए। गौरक्षा बहुत ही आवश्यक है,प्रतिदिन हर व्यक्ति को गौसेवा करना चाहिए,वेद ज्ञान का कुंज है, गायों से नाम जुड़ गया तो हमारा जीवन सफल हो गया, गौ भक्ति भी जरूरी है, गौमाता का दर्शन अवश्य करना चाहिए, गौमाता और ब्राह्मण की सेवा से ही मठ मंदिरों की स्थान की शोभा है, कल्याण का सबसे तेज साधन सत्संग है, सत्संग से व्यक्ति का कल्याण होता है।

सभी लक्षितों की गई सर्जरी, राज्य स्तर से मिली सराहना

# इंदौर को बड़ी उपलब्धि-क्लब - फुट फ्री हुआ घोषित

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • स्वास्थ्य के क्षेत्र में इंदौर को एक और बड़ी उपलब्धि प्राप्त हुई है। इंदौर जिले में 31 मार्च 2025 तक 02 वर्ष से 18 वर्ष तक के क्लबफुट से ग्रसित बच्चों की सर्जरी कराने पर इंदौर जिले को क्लब फुट मुक्त जिला घोषित किया गया है।

क्लब - फुट फ्री घोषित होने पर राज्य स्तर से सराहना मिली है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत 0-18 वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण ग्राम स्तर पर आंगनवाड़ी केन्द्रों, शासकीय एवं शासन द्वारा अनुदान प्राप्त स्कूलों में मोबाइल हेल्थ टीम द्वारा किये जा रहे हैं। इसके तहत 4-डी (जन्मजात विकृति, बाल्यावस्था रोग, कमियां, विकासात्मक विलंब सहित विकास में देरी) के चिन्हांकन हेतु कार्य किया जा रहा है।

4-डी के अंतर्गत क्लब फुट के 02 से 18 वर्ष तक के समस्त चिन्हांकित बच्चों का उपचार / सर्जरी कराकर प्रदेश को क्लब - फुट मुक्त किया जाना



मध्यप्रदेश शासन का एक प्रमुख लक्ष्य है। डॉ. सलोनी सिडाना मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल ने पत्र में कहा कि यह उपलब्धि कलेक्टर शिवम वर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की प्रतिबद्धता एवं समस्त चिकित्सा टीम के समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

क्लब फुट जैसे जन्मजात दोष का समय पर उपचार, बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दिशा इंदौर द्वारा किए गए जागरूकता कार्यक्रम, समयबद्ध पहचान, समुचित उपचार और सतत निगरानी के लिए मैं व्यक्तिगत रूप से तथा विभाग की ओर से सराहना करती हूँ। यह प्रयास न केवल अन्य जिलों के लिए प्रेरणास्रोत है, बल्कि राज्य स्तर पर सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करने की दिशा में भी एक उल्लेखनीय योगदान है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय इंदौर के परिसर में स्थित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र पर प्रत्येक मंगलवार को क्लब फुट से ग्रसित बच्चों के इलाज के लिए निःशुल्क ओपीडी रहती है, जहां पोंसेटी पद्धति से बच्चों को उपचार दिया जा रहा है।

## महाराष्ट्र से असली घी मंगाकर करते थे वनस्पति घी की मिलावट

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • पालदा क्षेत्र में खाद्य व औषधि विभाग ने छापा मारकर 3400लीटर मिलावटी घी जब्त किया है। कुछ समय पहले इसके सेंपल लेकर इंदौर की नई लैब में जांच कराई गई थी। इसमें वनस्पति घी की मात्रा ज्यादा पाई गई थी। इसके बाद फैक्टरी पर छापा मारकर घी जब्त किया। खाद्य व सुरक्षा अधिकारी मनीष स्वामी ने बताया कि फैक्टरी में डेयरी पावर व कावल्या ब्रांड का घी महाराष्ट्र से मंगाया जाता था और उसमे वनस्पति व एसेंस मिलाकर मिलावटी घी तैयार किया जाता था। उसे आरोपी मिल्क क्रीम व अन्य ब्रांड से बेचते थे।

मिलावटी घी को कारखाने में तैयार कर उसकी पैकिंग आकर्षक रखी जाती थी, ताकि ग्राहकों को मिलावटी घी होने का शक न हो,जबकि बड़ी मात्रा में उसमें वनस्पति घी को मिलाया जाता था। तैयार किए गए घी को छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में खपाया जाता था। यह फैक्टरी लंब समय से संचालित हो रही थी। इस मामले में अब केस भी बनाया जाएगा।

**3400 लीटर घी जब्त**



**मशीनों से होती थी मिलावट**-मिलावटी घी बनाने वाली फैक्टरी में मशीनें लगाई गई थी। उसमें आधा असली घी और आधा वनस्पति घी मिलाया जाता था। इसके अलावा असली घी का एसेंस भी उपयोग करते थे। इसके बाद मशीनों से मिक्स किया जात था और फिर पीले रंग के प्लास्टिक के डिब्बों में पांच किलो व पंद्रह किलो की पैकिंग में मिलावटी घी को नये ब्रांड का लेबल चिपकाया जाता था।अफसरों ने फैक्टरी को भी सील करने की तैयारी की है,ताकि स्टाक में रखे माल को खपाया न जा सके।

## राजा रघुवंशी मर्डर केस : सोनम और राज समेत पांच आरोपियों पर आरोप तय, जल्द शुरू होगा ट्रायल

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मेघालय के ईस्ट खासी हिल्स जिले की एक स्थानीय अदालत ने मंगलवार को राजा रघुवंशी मर्डर केस में पांच आरोपियों पर आरोप तय कर दिए हैं। इस बहुचर्चित केस में राजा की पत्नी सोनम रघुवंशी, राज कुशवाहा, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी पर गंभीर आरोप तय किए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) (हत्या), 238(a) (सबूत मिटाना) और 61(2) (आपराधिक साजिश) के तहत केस दर्ज किया गया था।

पुलिस के मुताबिक, मध्य प्रदेश के इंदौर के रहने वाले राजा रघुवंशी अपनी पत्नी सोनम रघुवंशी के साथ 21 मई को शिलांग पहुंचे थे। वहां से कपल सोहरा गया, जो अपनी वादियों और झरनों के लिए मशहूर है। लेकिन इस खूबसूरत ट्रिप का अंत दर्दनाक साबित हुआ। 26 मई को दोनों के लापता होने की खबर आई। इसके बाद स्थानीय पुलिस, स्पेशल ऑपरेशंस टीम, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और स्थानीय ट्रेकर्स ने बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। कई दिनों की सर्च ऑपरेशन के बाद 2 जून को



वेई सावदोंग फॉल्स के पास एक गहरी खाई से राजा रघुवंशी का शव बरामद किया गया। शव मिलने के बाद सोहरा पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि सोनम का राज कुशवाहा नामक एक युवक के साथ संबंध था। दोनों ने मिलकर राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची थी। इसके लिए उन्होंने मध्य प्रदेश के हिटमैन विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी को सुपारी दी। पुलिस का दावा है कि यह पूरी वारदात सोनम की मौजूदगी में हुई। हनीमून स्पॉट पर ही राजा रघुवंशी को मौत के घाट उतारा गया। हत्या के बाद पांचों आरोपी मौके से फरार हो गए। इसे एक एक्सीडेंट का रूप देने की कोशिश की गई।

# अवैध मदिरा परिवहन पर इंदौर आबकारी की बड़ी कार्रवाई, तीन वाहन जब्त

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • कलेक्टर शिवम वर्मा के सख्त आदेशों और सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी के प्रभावी मार्गदर्शन में इंदौर आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा के निर्माण, भंडारण और परिवहन के विरुद्ध अपनी मुहिम को और तेज कर दिया है। कंट्रोलर देवेश चतुर्वेदी एवं डिप्टी कंट्रोलर मनोज अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में आबकारी की टीमों ने गत रात्रि को विभिन्न स्थानों पर बड़ी और सफल कार्रवाई को अंजाम दिया।

इन प्रभावी कार्रवाइयों में आबकारी विभाग की टीमों ने तीन दोपहिया वाहनों का उपयोग करके अवैध रूप से मदिरा का परिवहन कर रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया।



इन आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1)क के तहत कुल 03 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। पलासिया वृत्त की कार्रवाई : वृत्त प्रभारी प्रियंका रानी चौरसिया की टीम ने छावनी रोड पर कार्रवाई करते हुए एक दोपहिया वाहन (MP09-स-1209) से एक पेटी देशी प्लेन मदिरा एवं 6 बोतल विदेशी मदिरा व्हिस्की बरामद की। आरोपी राहुल सिंह को गिरफ्तार किया गया। इस ज़ब्त सामग्री और वाहन का अनुमानित बाज़ार मूल्य लगभग 77 हजार 812 रुपए है।

**राजमोहल्ला और आंतरिक 02 की संयुक्त कार्रवाई** : आबकारी उपनिरीक्षक महेश पटेल और जया मुजाल्दे की टीमों ने सरवटे बस स्टैंड से क्रमशः दो अलग-अलग दोपहिया वाहनों (MP09S2835 और MP09ZS9503) से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे कुल 55 पाव देशी मदिरा (25 पाव + 30 पाव) ज़ब्त की। आरोपी सौरभ सोनकर और आदित्य सोनकर को गिरफ्तार किया गया। इस कार्रवाई में ज़ब्त मदिरा और दोनों वाहनों का अनुमानित बाज़ार मूल्य लगभग 1.60 लाख रुपए है।

इन सभी कार्रवाइयों में कुल तीन दोपहिया वाहन और बड़ी मात्रा में अवैध मदिरा ज़ब्त की गई है। ज़ब्त मदिरा और वाहनों का कुल समेकित अनुमानित बाज़ार मूल्य लगभग 2 लाख 37 हजार 812 रुपए है। सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी ने कहा कि आबकारी विभाग अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध निरंतर सघन और प्रभावी कार्रवाई कर रहा है।

## एमवाय अस्पताल के 800 कर्मचारियों को दो माह से नहीं मिला वेतन- यादव

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह यादव ने बताया है कि एमवाय में कार्य करने वाले सिक्योरिटी गार्ड सहित अन्य कार्य करने वाले महिला एवं पुरुष कर्मचारियों को दो माह से अधिक हो चुके हैं मगर इन 800 से अधिक कर्मचारियों को दो माह से अधिक समय का वेतन अभी तक नहीं दिया गया है जिसके कारण इनको अपना परिवार चलाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इन कर्मचारियों में सभी गरीब परिवार से हैं और आर्थिक स्थिति से जूझ रहे हैं घर परिवार में खाने के लाले पड़ गए हैं इन 800 से अधिक कर्मचारियों ने कई बार प्रशासन को इस संबंध में अवगत कराया मगर अभी तक इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं की गई जिस एजेंसी को यह ठेका दिया गया था वह ठेकेदार पिछले 2 महीने से इन कर्मचारियों का ना ही फोन उठा रहा है नहीं इन्हें 2 महीने से अधिक का वेतन दिया जा रहा है यह सभी 800 कर्मचारियों का परिवार आर्थिक स्थिति की समस्या झेल रहा है जहां इनका परिवार के सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है इस और एमवाय प्रशासन भी कोई ध्यान नहीं दे रहा है इसके बावजूद भी उक्त कर्मचारी अपना कर्तव्य निभा रहे हैं और अपनी ड्यूटी का निर्वाह कर रहे हैं साथ ही जनता की सेवा भी कर रहे हैं क्योंकि उनके सामने बेरोजगारी होने की समस्या बनी हुई है उसके बावजूद भी मजबूरी में काम करने के लिए मजबूर हैं इस संबंध में शीघ्र ही सभी 800 कर्मचारी से चर्चा कर उनके समर्थन में इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा जल्द ही आंदोलन किया जाएगा इसकी रूपरेखा जल्द बनाई जाएगी साथ ही इंदौर कमिश्नर इंदौर मेडिकल के डीन एवं एमवाय के अधीक्षक का घेराव कर ज्ञापन इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिया जाएगा।

## श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में अन्नकूट आज, मंदिर में सजेगी फूलों की रंगोली

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • श्रीलक्ष्मी वेंकटेश देवस्थान छत्रीबाग में गुरुवार को अन्नकूट महोत्सव होगा। नागोरिया पीठाधीश्वर स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज के मंगल सान्निध्य में ये अन्नकूट महोत्सव होगा। इसमें बड़ी संख्या में भक्त अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे। प्रभु वेंकटेश का मनोहारी दर्शन होंगे। साथ ही महाप्रसादी ग्रहण करेंगे। मंदिर के प्रचार प्रमुख पंकज तोतला ने बताया कि प्रभु वेंकटेश, भगवती श्रीमहालक्ष्मी और रामानुज स्वामी को कई प्रकार की मिठाइयां, नमकीन, ड्राइफ्रूट, फल और राम भाजी के साथ ही इस समय पर आने वाले नए अन्न व सब्जियों से निर्मित व्यंजनों का भोग तैयार किया जाएगा। सभी सामग्री देवस्थान पर ही तैयार की जाती है। साथ ही इन सामग्रियों को सुसज्जित कर प्रभु को सुंदर स्वरूप में



अर्पित किया जाएगा। पूरे निज मंदिर में फूलों की रंगोली का गलीचे के साथ ही आकर्षक श्रृंगार भी किया जाएगा। अन्नकूट की समुचित व्यवस्थाओं के लिए अनंत श्रीविभूषित श्रीमद् जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी विष्णुप्रपन्नाचार्य महाराज ने श्री वेंकटेश मंदिर ट्रस्ट कमेटी के मंत्री रवींद्र धूत और संयोजक के रूप में महेंद्र नीमा, सूर्यप्रकाश झंवर, पवन व्यास, मनोज कुइया को मनोनीत किया गया है।

## अनुगुंज 2025का शानदार आयोजन संपन्न

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • मध्यप्रदेश शासन स्कुल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति और स्टीम शिक्षा पध्दती की अवधारणा के अनुसार कलाओं से शिक्षा को समृद्ध करने कल्चर आफ एक्सीलेंस स्थापित करने के उद्धेश्य से शासकीय विधालयो के विधार्थीयों हेतु आयोजित सांस्कृतिक क्रार्यक्रम अनुगुंज 2025 का रंगारंग सांस्कृतिक आयोजन बुधवार को देवीअहिल्या आडिटोरियम खंडवा रौड मे मुख्य अतिथि सयुक्त संचालक शिक्षा अनिता चौहान जिला शिक्षा अधिकारी डा. शांतास्वामी भार्गव सहायक संचालक किरणबाला चौहान के एस डाबर व क्रार्यक्रम की नोडल



पुजा सक्सैना ने सरस्वती पुजन व दीप प्रजव्लित कर शुंभारभ किया

कार्यक्रम में विभिन्न विधालयो के छात्राओं और छात्रों ने रंगारग रामायण नृत्य नाटक गायन .कई लोक कलाओं भगवान वंदना. नरसिंह अवतार. आपरेशन सिंदूर. सांस्कृतिक प्रस्तुती की इस क्रार्यक्रम मे विधालयो के छात्र छात्राओं ने अतिथियों व दर्शकों को मनमुग्ध कर दिया हर नृत्य व गायन पर तालीयाँ बजाकर कर छात्राओं और छात्रों का हौसला बढाया.

## रणजीत हनुमान मंदिर में चलित अन्नकूट आज

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • इंदौर के करीब 140 साल पुराने रणजीत हनुमान मंदिर में शुक्रवार को चलित अन्नकूट है। यहां 50 हजार भक्तों के लिए प्रसादी में पूड़ी, राम भाजी, नुक्ती, भजिए बनाए जा रहे हैं। अन्नकूट महोत्सव चलित स्वरूप में होगा यानी भक्त लाइन से आकर पैकेट में पूड़ी, सब्जी, नुक्ती-भजिए लेकर जा सकेंगे। प्रसादी को भक्त अपने घर भी ले जा सकेंगे। चलित अन्नकूट महोत्सव का यह दूसरा साल है। दो साल पहले तक मंदिर के ही ग्राउंड में भक्तों को सुव्यवस्थित रूप से बैठाकर भोजन कराया जाता था। इसमें काफी समय लगता था और भक्तों को काफी इंतजार करना पड़ता था। इसे देखते हुए व्यवस्था में बदलाव किया गया। मंदिर परिसर में बने ग्राउंड में 4 से ज्यादा अस्थायी भट्टियां बनाई हैं। बुधवार को भट्टी पूजन करने के साथ ही नुक्ती बनाने का काम शुरू हो गया। गुरुवार रात 12 बजे तक ये भट्टियां चलती रहेंगी। 8 क्विंटल बेसन से नुक्ती बनाई जा रही है। अलग-अलग भट्टियों पर तेल में बेसन से नुक्ती बनाई जा रही थी, जिसके बाद नुक्ती को चाशनी में डाला जा रहा था।

## आजाद नगर में बजरंग दल ने युवक को पीट, वर्ग विशेष के युवक के साथ किराए से रह रही थी हिंदू युवती, पुलिस से भी की झड़प

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** • आजाद नगर में बुधवार रात बजरंग दल ने एक वर्ग विशेष के युवक की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान युवक को बचाने पहुंचे पुलिसकर्मियों से भी उनकी की झड़प हो गई। हालांकि रात में अधिकारी थाने पहुंचे, जहां बजरंग दल की शिकायत पर प्रतिबंधात्मक धाराओं में आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई की गई।

बजरंग दल के जिला संयोजक प्रवीण देअकर को सूचना मिली थी कि पवनपुरी इलाके में रहने वाला समीर खान एक हिंदू युवती के साथ यहां रह रहा है। सूचना मिलने के बाद हिंदूवादी कार्यकर्ता पवनपुरी के एक मकान पर पहुंचे। जब उन्होंने मकान मालिक से पूछताछ की तो उसने उन्हें घर के अंदर जाने से रोक दिया। इसी दौरान मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। जब पुलिस ने समीर को घर से बाहर निकाला, तो बजरंग दल के सदस्यों ने उसकी पिटाई शुरू कर दी। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह समीर को भीड़ से बचाकर थाने पहुंचाया। रात में हिंदूवादी कार्यकर्ता समीर के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर थाने में हंगामा करते रहे। उसके साथ रहने वाली युवती ने पुलिस में एफआईआर दर्ज कराने से इंकार कर दिया। अधिकारियों से चर्चा के बाद पुलिस ने समीर के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं में कार्रवाई की है। बताया जाता है कि दोनों करीब एक साल से साथ रह रहे हैं और उनके परिवारों को भी इस संबंध की जानकारी है।

सांध्य दैनिक
# इंदौर संकेत
इंदौर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

## न्यूज इन ब्रीफ

### श्री राम हनुमान मंदिर में स्वामी राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज पधारे, गुलाब की पंखुड़ियां बरसाकर किया स्वागत



**इंदौर** ●छत्रीपुरा स्थित श्री राम हनुमान मंदिर आश्रम में श्रीमद् जगद्गुरु अग्रपीठाधीश्वर मलूक पीठाधीश्वर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज पधारे उन्होंने भगवान हनुमान जी का दर्शन किया। सैकड़ों भक्त उमड़े, गुलाब के फूलो की पंखुड़ियां बरसाकर महाराजश्री का स्वागत किया गया। मंदिर के महामंडलेश्वर श्री राधे राधे बाबा महाराज ने बताया कि आश्रम पर स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज का आगमन हुआ, बैंड बाजे की स्वर लहरियों के बीच भक्तों और ब्राह्मण बटूको ने गुलाब के फूलो की पंखुड़ियां बरसाकर महाराज श्री का स्वागत किया। महाराज ने वेद मंत्रों के बीच भगवान हनुमान जी का पूजन अर्चन कर दर्शन किया। भगवान महादेव का अभिषेक पूजन किया। मंदिर के महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा महाराज ने स्वामी श्री राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज का फूल माला पहनाकर गौमाता की प्रतिमा भेंटकर स्वागत सम्मान किया। पंचकुइया पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज, महामंडलेश्वर गंगादास महाराज,योगेश्वर दास महाराज,दिनेशदास महाराज, प्रभुदास महाराज सहित अन्य संत मौजूद थे।

### श्रीविद्याधाम पर गोवंश को लगाए 56 भोग, सैकड़ों भक्तों ने की पूजा-अर्चना,आज अन्नकूट महोत्सव

**इंदौर** ●विमानतल मार्ग स्थित श्री श्रीविद्याधाम पर गोपाष्टमी के उपलक्ष्य में बुधवार को गोवंश के लिए 56 भोग महोत्सव महोत्सव का दिव्य आयोजन महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के सानिध्य में सौल्लास संपन्न हुआ। सैकड़ों भक्तों ने गोवंश को फल, हरी सब्जी, हरी घास एवं अन्य व्यंजन परोसे। आचार्य पं. राजेश शर्मा के आचार्यत्व में 11 विद्वानों ने महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती के साथ गोवंश की महाआरती की। आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेन्द्र महाजन ने बताया कि इस अवसर पर गोवंश को सेवफल, पपीता, अनार, चीकू, अमरुद के अलावा हरी सब्जी, हरी घास, भूसा, चारा, अनाज एवं अन्य व्यंजन परोसे गए। अनेक गोप्रेमी अपने घरों से भी व्यंजन एवं गुड़-रोटी लेकर आए थे। गोशाला प्रांगण में इस अन्नकूट के लिए 10 बड़े पात्रों की व्यवस्था के साथ ही फलों और सब्जियों को परोसने के लिए भक्तों के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की गई थी।

### दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर में कार्तिक माह की अष्टान्हिका पर चौबीसी समवशरण विधान का हुआ शुभारंभ

**इंदौर** ● विमानतल मार्ग स्थित अंजनि नगर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन पंचायती मंदिर पर चल रहे चातुर्मास के दौरान प.पू. गणिनी विमलप्रभा माताजी का पिच्छी परिवर्तन का आयोजन रविवार 9 नवम्बर को होगा, इसके पूर्व उनके सानिध्य में आज से कार्तिक माह की अष्टान्हिका पर चौबीसी समवशरण विधान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर प.पू. विजयप्रभा माताजी के मार्गदर्शन में सुंदर एवं मनोहारी विधान की रचना की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष देवेन्द्र सोगानी एवं विधान संयोजक संजय मोदी, ऋषभ पाटनी एवं चन्द्रकुमार गोधा ने बताया कि विधान में चक्रवर्ती कमल-निर्मला वेद एवं सौधर्म इंद्र बाबूलाल जशकुमार मेंडा का चयन बोली के माध्यम से किया गया। शांति धारा देवेन्द्र अर्चना सोगानी एवं चन्द्रकुमार गोधा द्वारा की गई। पं. योगेन्द्र काला एवं उनकी संगीतज्ञों की टीम ने प्रारंभ में विधान प्रांगण में श्रीजी को विराजित कर अपनी स्वर लहरियां बिखेरकर सबको आनंदित कर दिया। प्रचार मंत्री नितिन पाटोदी ने बताया कि अभिषेक शांति धारा के बाद विधान की मुख्य क्रियाएँ संपन्न हुई।

### अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र की मेजबानी में दो दिवसीय तुलसी विवाहोत्सव कल से, मेहँदी-हल्दी सहित सभी रस्में होंगी

**इंदौर** ● अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा एवं वरुण विक्ट्री रहवासी संघ के तत्वावधान में देव उठनी एकादशी के उपलक्ष्य में 31 अक्टूबर एवं 1 नवंबर को दो दिवसीय तुलसी विवाहोत्सव का दिव्य आयोजन आचार्य पं. राजाराम शर्मा के निर्देशन में आयोजित किया जाएगा। इस महोत्सव के यजमान निकिता-अंकुर अग्रवाल मनोनीत किए गए हैं। तुलसी विवाह के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। विवाहोत्सव में हाईवे क्षेत्र से जुड़े 560 से अधिक परिवारों के सदस्य एवं रहवासी संघों के सदस्य भी शामिल होंगे। अग्रवाल समाज हाइवे क्षेत्र पालदा के संरक्षक अरविन्द बागड़ी ने बताया कि महोत्सव का शुभारंभ शुकवार 31 अक्टूबर को सुबह 11 बजे गणेश पूजन के साथ होगा। दोपहर 1 बजे मेहँदी, 2 बजे से हल्दी एवं 3 बजे बान एवं साकड़ी राखी तथा अगले दिन शनिवार 1 नवंबर को दोपहर 3 बजे वर निकासी का बाना पूजा-पीयूष सिंघल के निवास से प्ररम्भ होगा। दोपहर 4 बजे सामेला तथा गोधूलि बेला में शाम 5 बजे से फेरे होंगे।

## गोपाल मंदिर में बन रहे ऑडिटोरियम को एक माह में पूर्ण कर बनाएं आगामी योजनाः डॉ. खाड़े

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● इंदौर में संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने बुधवार को राजवाड़ा स्थित गोपाल मंदिर और लाल बाग पैलेस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोपाल मंदिर के इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त की, साथ ही वहां चल रहे विभिन्न विकास कार्यों को देखा और उसकी समीक्षा की। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन और संयुक्त कलेक्टर कल्याणी पाण्डे सहित संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गोपाल मंदिर में निर्माणाधीन ऑडिटोरियम को एक माह में पूर्ण किया जाये।

संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने गोपाल मंदिर के पूरे परिसर का अवलोकन किया और मंदिर के पीछे बने मार्केट का भी निरीक्षण किया तथा दुकानदारों से चर्चा की। गोपाल मंदिर में बन रहे ऑडोटोरियम हॉल के सम्बंध में कार्य पूर्ण करने के उपरांत इसकी आगामी योजना पर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गोपाल मंदिर कॉम्पलेक्स में

संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने गोपाल मंदिर और लाल बाग पैलेस के रिनोवेशन कार्य का किया निरीक्षण



बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराई जाये और वाहनों के पार्किंग के लिये पर्याप्त व्यवस्था की जाये। साथ ही आमोद-प्रमोद के साधन कैफेटरिया भी बनाई जाये। संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने कहा कि गोपाल मंदिर का अपना एक ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व है, इसलिये एक गैलरी भी बनाई जाये। इसके पूर्व संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने गोपाल मंदिर के दर्शन किये और आशीर्वाद प्राप्त किया।

संभागायुक्त डॉ. खाड़े इस दौरान लाल बाग पैलेस भी पहुंचे और वहां चल रहे रिनोवेशन कार्यों को देखा। निरीक्षण के दौरान संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने लाल बाग पैलेस के दरबार हॉल, बैकेट हॉल, डॉसिंग रूम, क्राउन हॉल, सिटिंग हॉल, लायब्रेरी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। लाल बाग पैलेस के असिस्टेंड क्यूरेटर आशुतोष महाशब्दे ने बताया कि लाल बाग पैलेस को देखने के लिये बड़ी संख्या में नागरिक यहां पहुंचते हैं। नाम मात्र के शुल्क के साथ कोई भी नागरिक लाल बाग पैलेस का अवलोकन कर सकता है। लाल बाग पैलेस सुबह 10 बजे लेकर शाम तक खुला रहता है। लाल बाग पैलेस को तुकोजी राव द्वितीय ने बनवाया था और इसके निर्माण में करीब 65 वर्ष का समय लगा। यहां कई प्रकार के लाल रंग के गुलाब के फूल होते थे। इस कारण इसे लाल बाग कहा जाने लगा। संपूर्ण लाल बाग परिसर 55 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैला हुआ है।

## गोवा राज्य के पत्रकारों का दल अध्ययन यात्रा पर इंदौर आया

### पत्रकारों ने शहर के विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था आदि को जाना



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● गोवा राज्य के वरिष्ठ पत्रकारों का 11 सदस्यीय एक प्रतिनिधि मंडल अध्ययन यात्रा के तहत इंदौर आया। प्रतिनिधिमंडल ने इंदौर शहर के विकास कार्यों, स्वच्छता व्यवस्था, जनसंपर्क तंत्र आदि का अवलोकन किया। जनसंपर्क विभाग द्वारा गोवा के पत्रकारों का इंदौर के पत्रकारों के साथ एक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संवाद में गोवा के पत्रकारों ने स्वच्छ इंदौर मॉडल, इंदौर स्मार्ट सिटी प्राजेक्ट सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्हें इंदौर के निरंतर स्वच्छता अभियान, स्मार्ट सिटी परियोजनाओं, जनसहभागिता मॉडल और जनसंपर्क विभाग की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बताया गया कि इंदौर ने स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार आठ बार देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसका श्रेय शहरवासियों की सक्रिय भागीदारी और प्रशासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली को जाता है।

गोवा के पत्रकार दल ने इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा और नगर निगम आयुक्त दिलीप यादव से भी मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन संयंत्र का अवलोकन भी किया। उन्होंने इंदौर में कचरे से ऊर्जा निर्माण और जैविक अपशिष्ट के उपयोग की प्रक्रियाओं की सराहना की। उन्होंने इंदौर शहर की स्वच्छता के साथ ही यहां के स्वाद की भी सराहना की।

## श्रीराम शौर्य कथा के साथ सवा लाख रूद्राक्ष से शिवलिंग का भी निर्माण

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● छवि सोशल वेलफेयर सोसायटी एवं अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन द्वारा 2 से 8 दिसम्बर तक अन्नपूर्णा रोड स्थित दशहरा मैदान पर श्रीराम शौर्य कथा का भव्य एवं दिव्य आयोजन किया जा रहा है। पहली बार इस कथा के दौरान सवा लाख रूद्राक्ष से 13 फीट ऊंचे शंकर भगवान के शिवलिंग का निर्माण कर आम लोगों को उसके जलाभिषेक का अवसर भी मिलेगा। कथा के लिए दशहरा मैदान पर आने वाले भक्तों के लिए भोजन, धार्मिक साहित्य, सुविधाजनक बैठक व्यवस्था के साथ ही अन्य आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। आयोजन के प्रमुख एवं संस्था छवि के गोपाल गोयल, अग्रवाल समाज इंदौर फाउंडेशन के किशोर गोयल एवं संजय बांकड़ा ने बताया कि कथा का शुभारंभ 2 दिसम्बर को सरयू कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें इंदौर एवं आसपास से आए हुए हजारों श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन की दिव्यता को देखते हुए 25 से अधिक समितियों का गठन कर प्रतिदिन बैठकों का दौर भी शुरू हो गया है।

## प्रथम चरण में सभी जिलों में जिला कलेक्टर के माध्यम से प्राकृतिक गैस मंत्रालय को ज्ञापन भेजा गया



दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● चरणबद्ध आंदोलन के अंतर्गत उसके द्वितीय चरण में आज रीगल चौराहे पर गांधी प्रतिमा पर सभी एलपीजी वितरकों द्वारा शांतिपूर्ण एवं प्रजातांत्रिक तरीके से मसाल जुलूस निकाला गया एवं मोमबत्ती जलाकर सांकेतिक प्रदर्शन किया गया आज का आंदोलन प्रत्येक जिले में पूरे देश में किया जा रहा है हमारी मांग के अंतर्गत इस आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है इस आंदोलन में विशेष रूप से उपस्थित थे यज्ञेश राठी, गोपाल वर्मा, श्रीमती प्रेमलता ओझा, टी आर पगारे, श्रीमती नेहा तोमर, जे पी शर्मा, श्रीमती सरला चौधरी, के के धनोतिया, राजेश उपाध्याय, पप्पू भावसार, सुनील शर्मा,, कार्तिक पिसे, धीरज राठौर कारण राठौर, गोविन्द मंगल, आदित्य अग्रवाल, सम्यक जैन, सोहन सिसोदिया

## हंसदास मठ साक्षी बना दो शीर्ष आचार्यों के मिलन का

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● एयरपोर्ट रोड, पीलिया खाल स्थित प्राचीन हंसदास मठ मंगलवार को रामानंदी संप्रदाय के दो शीर्ष आचार्यों के आत्मीय मिलन का गरिमापूर्ण माहौल में साक्षी बन गया, जब मलूक पीठाधीश्वर डॉ. राजेंद्रदास देवाचार्य और डाकोर-इंदौर खालसा के गादीपति श्रीमहंत महामंडलेश्वर स्वामी रामचरणदास महाराज ने एक-दूसरे का सम्मान एवं अभिवादन किया।

मलूक पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. राजेन्द्रदास देवाचार्य महाराज ने हंसदास मठ पधारकर भगवान रणछोड़, पंचमुखी चिंताहरण हनुमान महाराज, शालिग्राम स्वरुप भगवान पद्मनाभ सहित सभी देवालयों के दर्शन तो किए ही, मठ स्थित गौशाला पहुंचकर गौमाता की सेवा भी की और परिसर स्थित मठ के संस्थापक महंत हंसदास महाराज की समाधि के भी दर्शन किए। इस अवसर पर उत्तराधिकारी महामंडलेश्वर महंत पवनदास ने शाल-श्रीफल एवं पुष्पमाला समर्पित कर हंसदास संस्कृत विद्यापीठ के वेदपाठी छात्रों द्वारा वैदिक मंगलाचरण के बीच उनकी अगवानी की। इस अवसर पर महामंडलेश्वर गंगादास महाराज, महामंडलेश्वर राधे राधे बाबा, महामंडलेश्वर रामगोपालदास महाराज, अर्जुन दास महाराज, विश्व ब्राह्मण समाज संघ के पं. योगेन्द्र महंत, आचार्य पं. रामचंद्र शर्मा वैदिक, महंत यजत्रदास, महंत अमित दास, दिनेश दास, विजय रामदास, राजेंद्र गर्ग, कैलाश पाराशर, कैलाश गोपाल, घनश्याम वैष्णव, वेदांत शर्मा, रामव्यास राजेंद्र वर्मा, मोनिका शर्मा सहित बड़ी संख्या में भक्त मंडल के सदस्य उपस्थित थे, जिन्होंने जयघोष के बीच मलूक पीठाधीश्वर की अगवानी की।

## फलोदी माताजी की आराधना के साथ मेडतवाल समाज के भव्य अन्नकूट का आयोजन संपन्न हुआ

दैनिक इंदौर संकेत

**इंदौर** ● मेडतवाल समाज की कुलदेवी मां फलोदी के निमित्त परंपरागत भव्य अन्नकूट का आयोजन बाबाश्री गार्डन में आयोजित किया गया। समाज के हजारों लोगों ने फलोदी माताजी के दिव्य श्रृंगार, फूल बंगला और 56 भोग के दर्शनों का लाभ लिया तथा इस अवसर पर समाज के प्रतिभाशाली व्यक्तियों व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। समाज अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता ने विगत एक वर्ष की उपलब्धियों से समाज को अवगत कराया इस अवसर पर समाज के विशिष्ट विद्यार्थियों, प्रतिभावान युवाओं और युवा इंटरप्रेन्योर का अभिनंदन किया गया जिन्होंने सी. ए., आईआईटी, आईआईएम ,डॉक्टर और राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं में और उद्यमिता में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं का अभिनंदन किया गया। समाज के वरिष्ठजन श्रीनाथगुप्ता, सह



कार्यवाह मालवा प्रांत आर एस एस , पुरूषोतम गुप्ता व्यवस्था प्रमुख आर एस एस मालवा प्रांत, मोहनलाल जी गुप्ता गोघटपुर वाले, जगदीशचंद्र सर्राफ, जगदीशचंद गुप्ता, लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल, गिरीश मेडतवाल, रामनारायण गुप्ता, सुनील गुप्ता , सागर भगत का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, समाजसेवी जगदीश गोयल, एम. आई .सी. सदस्य निरंजन सिंह चौहान ने किया।

### केंद्र ने मार्च 2026 तक गेहूं की स्टॉक सीमा की तय

## व्यापारी 2000 मीट्रिक टन से अधिक नहीं रख पाएंगे गेहूं

**भोपाल (एजेंसी)** ● केंद्र ने मार्च 2026 तक गेहूं की स्टॉक सीमा की तय, अब व्यापारी 2000 मीट्रिक टन से अधिक नहीं रख पाएंगे गेहूं - भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश, 2025 जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार देशभर में गेहूं पर नई स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए लागू की गई है। मप्रदे के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में गेहूं के लिए अधिकतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है।



### थोक व्यापारी दो हजार टन ही रख पाएंगे गेंहू

मंत्री राजपूत ने बताया कि व्यापारी / थोक विक्रेता के अधिकतम स्टॉक सीमा 2000 मीट्रिक टन, प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर में प्रत्येक आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बशर्ते अधिकतम मात्रा कुल दुकानों की संख्या 8 गुणा होना चाहिए। यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है। इसी प्रकार प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर रखना होगा।

### 15 दिन में करना होगा अनुपालना

राजपूत ने आदेश के तहत संबंधित विधिक इकाइयों को अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। यदि किसी के पास निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक है, तो उसे अधिसूचना जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर निर्धारित सीमा तक लाना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश गेहूं (अधिकतम स्टॉक सीमा एवं स्टॉक घोषणा, नियंत्रण आदेश - संशोधन, 2025) का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इस आदेश के माध्यम से विभागीय और जिला प्रशासन के अधिकारी जांच तलाशी और अभिग्रहण की कार्यवाही करने में सक्षम होंगे। मंत्री राजपूत ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार द्वारा यदि भविष्य में स्टॉक सीमा की अवधि या मात्रा में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो राज्य में वह संशोधन स्वत: प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और अनावश्यक जमाखोरी व कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है।

## सम्पादकीय

### अब टू-कॉलर नहीं, खुद मोबाइल बताएगा - कौन कर रहा है फोन! साइबर ठगी पर लगेगा ब्रेक

विभाग के इस प्रस्ताव पर सहमति जता दी है और इस पर परीक्षण भी शुरू कर दिया गया है। दूरसंचार विभाग ने उम्मीद जताई है कि यह सुविधा देशभर में मार्च, 2026 तक लागू हो जाएगी। खास बात यह कि अब मोबाइल फोन में ही यह सुविधा मौजूद रहेगी। इसमें दोराय नहीं कि नई तकनीक के साथ चुनौतियां भी साथ आती हैं। मोबाइल फोन और इंटरनेट की आसान पहुंच का बढ़ता दायरा सुविधाजनक तो है, लेकिन इससे कई तरह के जोखिम भी हैं। साइबर धोखाधड़ी इनमें से एक है, जो हाल के वर्षों में आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। सुरक्षा एजंसियों को भी ऐसे अपराधियों का पता लगाने और उनकी धर-पकड़ के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ती है। मोबाइल उपभोक्ताओं को साइबर जालसाजों की ओर से आए दिन अनजान नंबरों से फोन आना आम बात हो गई है और जो लोग उनके झांसे में आ जाते हैं, वे लाखों-करोड़ों रुपए गंवा बैठते हैं। मगर अब इस तरह के फोन की पहचान करना आसान होगा। दूरसंचार विभाग जल्द ही आम उपभोक्ताओं को मोबाइल पर ऐसी सुविधा प्रदान करेगा, जिससे फोन करने वाले व्यक्ति का नाम भी प्रदर्शित होगा। दूरसंचार नियामक ट्राई ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। हालांकि, मोबाइल पर फोन करने वाले व्यक्ति के नाम का पता लगाने के लिए कुछ ऐप आनलाइन उपलब्ध हैं और चुनिंदा लोग उनका इस्तेमाल भी करते हैं। मगर, नाम प्रदर्शित करने की इनकी सटीकता और इस्तेमाल को लेकर लोगों में भ्रम बना रहता है। ऐसे में दूरसंचार विभाग और ट्राई ने जो कदम उठाया है, वह सभी मोबाइल धारकों के हित में है दरअसल, ट्राई ने फरवरी, 2024 में फोन करने वाले का नाम प्रदर्शित करने से जुड़ी इस सेवा पर अपनी सिफारिशों में कहा था कि यह केवल मांग करने वाले उपभोक्ताओं को ही मुहैया कराई जाए। जबकि दूरसंचार विभाग का कहना था कि यह सुविधा सभी मोबाइल उपयोगकर्ताओं को उपलब्ध कराई जानी चाहिए। ट्राई ने अब विभाग के इस प्रस्ताव पर सहमति जता दी है और इस पर परीक्षण भी शुरू कर दिया गया है। दूरसंचार विभाग ने उम्मीद जताई है कि यह सुविधा देशभर में मार्च, 2026 तक लागू हो जाएगी। खास बात यह कि अब मोबाइल फोन में ही यह सुविधा मौजूद रहेगी। दूरसंचार विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से साइबर धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाया जा सकेगा। जब किसी मोबाइल पर अनजान नंबर से फोन आएगा, तो स्क्रीन पर उसका नाम भी दिखाई देगा।

# आधे देश की मतदाता सूचि की जांच - प्रश्न अनेक

चुनाव आयोग ने सोमवार को 12 राज्यों के लगभग 51 करोड़ मतदाताओं की गहन जांच की घोषणा की। देश के 12 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण की घोषणा होते ही सोमवार आधी रात से इन सभी राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों की मतदाता सूचियां फ्रीज कर दी गईं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार शाम पत्रकारों से कहा, आज रात से ये मतदाता सूचियां फ्रीज कर दी जाएंगी। राज्य सरकारों को भी प्रशासनिक फेरबदल के लिए चुनाव आयोग से अनुमति लेनी होगी। फ्रीज की गई सूची के सभी मतदाताओं को बीएलओ विशिष्ट गणना प्रपत्र देंगे। इन गणना प्रपत्रों में वर्तमान मतदाता सूची के सभी आवश्यक विवरण होंगे। बीएलओ द्वारा मौजूदा मतदाताओं को प्रपत्र वितरित करने के बाद, जिन लोगों के नाम गणना प्रपत्रों में हैं, वे यह मिलान करने का प्रयास करेंगे कि क्या उनका नाम पिछले एसआईआर की सूची में था। यदि हां, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज जमा करने की आवश्यकता नहीं है। वे सिर्फ प्रपत्र भरकर जमा कर दें। यदि उनके माता-पिता का नाम सूची में था, तब भी उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज नहीं देना। 2002 से 2004 तक के एसआईआर वाली मतदाता सूची httpÑ//voters.eci.gov.in पर कोई भी देख सकता है, और स्वयं मिलान कर सकता है।

सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन करते हुए, चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर से संबंधित अपने 9 सितंबर के आदेश के अनुसार, आधार को 12 दस्तावेजों की सूची में शामिल कर लिया है। आधार पर स्थिति स्पष्ट करते हुए, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा, जहां तक आधार कार्ड का संबंध है, सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आधार का उपयोग आधार अधिनियम के अनुसार किया जाना है। आधार अधिनियम की धारा 9 कहती है कि आधार निवास या नागरिकता का प्रमाण नहीं होगा। सर्वोच्च न्यायालय ने कई बार यह निर्णय दिया है कि आधार जन्मतिथि का प्रमाण नहीं है। इसे ध्यान में रखते हुए, आधार प्राधिकरण ने अपनी अधिसूचना जारी की और आज भी, यदि आप नया आधार डाउनलोड करते हैं, तो कार्ड पर उल्लेख है कि यह न तो जन्मतिथि, न ही निवास या नागरिकता का प्रमाण है। आधार कार्ड पहचान का प्रमाण है और इसका उपयोग ई-हस्ताक्षर के लिए भी किया जा सकता है।

चुनाव आयोग के अनुसार नागरिकता कानून के तहत असम में नागरिकता के अलग प्रावधान लागू हैं। वहां सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में नागरिकता जांच की प्रक्रिया पूरी होने वाली है। 24 जून का एसआईआर आदेश पूरे देश के लिए था, पर असम की विशेष परिस्थिति के कारण यह आदेश वहां लागू नहीं होता। असम के लिए अलग से पुनरीक्षण आदेश जारी किए जाएंगे और अलग एसआईआर तिथि की घोषणा की जाएगी।



बिहार के अनुभव से लाभ उठाते हुए, चुनाव आयोग ने यह भी निर्णय लिया है कि बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फॉर्मों के मिलान और लिंकिंग के लिए अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे। कुमार ने कहा, यदि मतदाता उपलब्ध नहीं है या मिलान और लिंकिंग में देरी हो रही है, तो बीएलओ कुल तीन बार घरों का दौरा करेंगे। बीएलओ सिर्फ संबंधित राज्य ही नहीं बल्कि देश भर के मतदाता सूची की जांच कर यह देखेंगे के संबंधित व्यक्ति का नाम कहीं और तो नहीं है। यदि किसी अन्य सूची में नाम पाया गया तब भी उन्हें मतदाता माना जाएगा। आयोग के अनुसार मतदाता ऑनलाइन भी फॉर्म भर सकते हैं। यदि उनके नाम, या उनके पिता या माता के नाम, 2003 की सूची में नहीं थे तो ईआरओ 12 दस्तावेजों के आधार पर पात्रता निर्धारित करेगा।आयोग द्वारा तय 12 दस्तावेजों के अलावा यदि किसी के पास अतिरिक्त वैध दस्तावेज है तो आयोग उसे भी मान्य करेगा। ईआरओ के फैसले के बाद, यानी अंतिम सूची प्रकाशित होने के बाद भी किसी भी निर्वाचन क्षेत्र का कोई भी मतदाता या निवासी जिला मजिस्ट्रेट के पास अपील कर सकता है और 15 दिनों के भीतर राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारी के पास अपनी दूसरी अपील भी दायर कर सकता है।

चुनाव आयोग ने मतदाता के लिए जरूरी अर्हताएं भी बताईं। इसके अनुसार संविधान की धारा 326 के अनुसार जो भी भारतीय नागरिक है, उसे 18 साल की आयु का होना, संबंधित क्षेत्र का निवासी होना, कानून के तहत किसी तरह के मामलों में वांछित नहीं होना चाहिए। ऐसे लोगों को सूची में नाम शामिल कराने का अधिकार है।

वहीं, भीड़भाड़ से बचने के लिए, आयोग ने निर्णय लिया है कि किसी भी मतदान केंद्र पर 1,200 से ज्यादा मतदाता नहीं होंगे और ऊंची इमारतों, गेटेड कॉलोनियों और झुग्गी बस्तियों में नए मतदान केंद्र बनाए जाएंगे।

आयोग के अनुसार राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजनीतिक दलों के साथ बैठकें करेंगे और उन्हें एसआईआर प्रक्रिया के बारे में जानकारी देंगे। बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) फॉर्मों के मिलान और लिंकिंग के लिए अधिकतम तीन बार घरों का दौरा करेंगे। बीएलओ सिर्फ संबंधित राज्य ही नहीं बल्कि देश भर के मतदाता सूची की जांच कर यह देखेंगे के संबंधित व्यक्ति का नाम कहीं और तो नहीं है। यदि किसी अन्य सूची में नाम पाया गया तब भी उन्हें मतदाता माना जाएगा।

राज्यों में पिछले एसआईआर की मतदाता सूची मूल मानी जाएगी, उसी के आधार पर नए मतदाताओं के नाम काटे या जोड़े जाएंगे। ठीक उसी तरह, जैसे बिहार में 2003 की मतदाता सूची का उपयोग गहन पुनरीक्षण के लिए किया था। ज्यादातर राज्यों में अंतिम एसआईआर 2002 व 2004 के बीच हुआ था। इन राज्यों ने पिछले एसआईआर के अनुसार वर्तमान मतदाताओं का आकलन पूरा कर लिया है।

गौरतलब है कि विपक्ष पहले से ही मतदान के अलग-अलग आंकड़े पेश कर सवाल उठा रहा था। ऐसे माहौल में जहां वोट चोरी के मुद्दे पर चुनाव आयोग को निशाना बनाया जा रहा था, चुनाव आयोग ने मानदंड और प्रक्रिया पर अंतिम निर्णय के अभाव में जल्दबाजी में जांच की घोषणा की, और दिशानिर्देश के अभाव में, विपक्ष ने आयोग को एक ट्रान्स में ले लिया। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक गया, आयोग को सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को स्वीकार करना पड़ा। क्या चुनाव आयोग के पास किसी व्यक्ति की नागरिकता को स्वीकार या अस्वीकार करने की शक्ति हो सकती है? अपने माता-पिता के दस्तावेजों के आधार पर अपने उत्तराधिकारियों के रिकॉर्ड को प्रमाणित करने का मुद्दा अंततः अदालत तक पहुंच गया। बिहार में अनाथालयों में पले-बढ़े कई बच्चों ने आयोग के प्रावधानों को चुनौती दी, जिसमें मांग की गई कि रिकॉर्ड को आधिकारिक या अनधिकृत रिकॉर्ड की सूची में शामिल किया जाए। दूसरे चरण की शुरुआत से पहले, आयोग को अपनी वेबसाइट पर पहले चरण में उठाए गए सभी प्रश्नों और उन पर आयोग द्वारा उठाए गए रुख को स्पष्ट रूप से बताना चाहिए; कहा जा रहा है कि किसी को भी दोबारा नए सवाल उठाने का मौका नहीं मिलेगा। ये संतोष का विषय है कि आयोग ने इस चरण के लिए खुद को पर्याप्त समय दिया है। दूसरे चरण में जो केंद्र शासित प्रदेश और राज्य हैं, उनमें राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं, जो विपक्षी सरकारें वाले राज्य हैं, सत्ता पक्ष और उसके नेता यानी मुख्यमंत्री इतने आक्रामक हैं। इस बात से पूरा देश वाकिफ है। बिहार की जांच के दौरान विपक्ष ने आरोप लगाया था कि कुछ मतदाताओं के नाम थोक में सूची से बाहर रखे जा रहे हैं, लेकिन जांच और चुनाव घोषित होने के बाद भी किसी ने भी शिकायत दोहराई नहीं है। पश्चिम बंगाल में घुसपैठ का मुद्दा बेहद संवेदनशील है और आशंका जताई जा रही है कि इस जांच में बड़ी संख्या में घुसपैठियों के नाम डाले जा सकते हैं या अवांछनीय समूहों के नाम हटाए जा सकते हैं। इन दोनों राज्यों में चुनाव आयोग की परीक्षा सभी दलों का विश्वास जीतना और सभी के सहयोग से देशभर में जांच प्रक्रिया को पूरा करना है इस लिहाज से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के सामने अगली चुनौती होने वाली है।

मन जा रहा है कि एक मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता सूचियों की जांच आवश्यक है, जो आमतौर पर पांच साल में एक बार आयोजित की जाती है, लेकिन यह सर्वविदित है कि कई खामियां हैं, मुख्य रूप से समूह स्तर के अधिकारियों के हाथों में, और संकलक को त्रुटियों के लिए दंडित नहीं किया जाता है। इस जांच को पर्याप्त गंभीरता से नहीं लिया जाता है। कई मृत लोगों के नाम सूची में बने हुए हैं; चुनाव से पहले मतदाता सूची की जांच और मतदाता सूची से नामों को हटाने या जोड़ने की प्रक्रिया पूरी तरह से विश्वसनीय नहीं है और यह त्रुटिपूर्ण है और इसकी गहन जांच की आवश्यकता है। वर्तमान गहन जांच 21 वर्षों के अंतराल के बाद हो रही है। यह बहुत महत्वपूर्ण है। मतदाता सूचियों की गहराई से जांच करते समय, हमें अपने देश की समग्र सामाजिक संरचना, राज्यवार रीति-रिवाजों, परंपराओं आदि को भी ध्यान में रखना चाहिए। महिलाओं के दस्तावेजों को तभी अपडेट किया जाता है जब इस बात की संभावना हो कि इससे पूरे परिवार को लाभ होगा, वरना महिलाओं को इसकी जानकारी नहीं होती है। इस सदी में दुनिया और देश में पलायन की जरूरत काफी बढ़ गई है। इस संबंध में अनपढ़ परिवारों पर विचार किया जाना चाहिए। जनगणना संख्या और मतदाता पंजीकरण संख्या कभी भी एक-दूसरे से मेल क्यों नहीं खाती? इस पर भी योजना के उच्चतम स्तर पर विचार किया जाना चाहिए, अंतराल को पाटने के लिए एक प्रणाली अपनानी चाहिए, आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए। वही विपक्ष जो मतदाता सूची में विसंगतियों के आधार पर पूरे देश में कचरा फेंक रहा है, मतदाता सूची की पूरी जांच और संशोधन का विरोध कर रहा है, वैसा मजाक कोई मजाक नहीं हो सकता है।

**अशोक भाटिया,**
वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,
लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार

## आंचलिक

### जीवन में कभी अभिमान न करें : पं. शर्मा

दैनिक इंदौर संकेत



**खरगौन** ● बलवाड़ा खाटू श्याम मंदिर में आयोजित संगीतमय भागवत कथा के चौथे दिन बुधवार को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। एक मनोहारी झांकी सजाई गई। जैसे ही मंच पर टोकरी में बाल रूपी श्रीकृष्ण को लेकर वसुदेव जी पहुंचे पूरा पंडाल कृष्णमय हो गया। इस अलौकिक दृश्य को देखते ही पंडाल में उपस्थित हर व्यक्ति अपने स्थान पर दर्शन के लिए उठ खड़ा हुआ। पूरा पंडाल जयघोष से गूंज उठा। भक्तों ने भगवान के बालस्वरूप पर पुष्पवर्षा कर अपनी श्रद्धा व्यक्त की। कथा में विधान पूजन के बाद पं. दीपक शर्मा ने भगवान के वामन अवतार की कथा का वर्णन किया।

उन्होंने भक्त प्रह्लाद के पौत्र, महादानी राजा बलि के अभिमान व भगवान विष्णु के वामन रूप में आकर तीन पग भूमि मांग उनका अभिमान भंग करने की लीला को सजीव कर दिया। कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को शिक्षा दी कि व्यक्ति को कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। क्योंकि परम पिता परमेश्वर क्षणभर में बड़े-बड़े बलशाली का दर्प हर लेते हैं। उन्होंने कहा मंदिर में जाकर मूर्ति के दर्शन करने से भगवान की इकट्ठी कृपा प्राप्त होती है। मूर्ति दर्शन से हमें पावर मिलता है। पं. शर्मा ने समुद्र मंथन व राम जन्म का प्रसंग भी सुनाया।

### भाजपा प्रदेश महामंत्री का प्रथम नगर आगमन आज

दैनिक इंदौर संकेत

**खरगौन** ● मध्यप्रदेश भाजपा की नवगठित कार्यकारिणी में खरगोन व बड़वानी जिलों को महत्व देते हुए राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेरसिंह सोलंकी को प्रदेश महामंत्री और तत्कालीन प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन को प्रदेश कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। दोनों के प्रथम नगर आगमन पर गुरुवार सुबह 11 बजे वाहन रैली निकाली जाएगी। कुंदा तट स्थित सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर दोनों वरिष्ठ नेताओं की अगवानी और मंदिर में पूजा के बाद वाहन रैली प्रमुख मार्गों से होती हुई भाजपा जिला कार्यालय पहुंचेगी। दोनों जनप्रतिनिधियों को प्रदेश कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण दायित्व मिलने से कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों में हर्ष है।

### गाय-भैंस चोरी के शक में दो निर्दोष युवकों की पिटाई, बर्थडे मनाकर लौट रहे थे

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** ● गाय-भैंस चोरी के शक में सोमवार रात ग्रामीणों ने दो युवकों को बेरहमी से पीट दिया। बंधक बनाकर उनकी धुनाई कर दी, रात में ही दोनों को पुलिस ने छुड़ाया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस जांच में दोनों बेकसूर निकले। पता चला है कि दोनों युवक तो बर्थडे मनाकर किसी फॉर्म हाउस से लौट रहे थे। इस बीच असली चोर भाग निकले। पुलिस ने आज (मंगलवार) 18 अज्ञात लोगों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



#### हाथ-पैर बांधकर रॉड से मारपीट हुई

मामला थाना मोघट रोड़ क्षेत्र के ग्राम टिटगांव का है। दोनों युवक टिटगांव रोड स्थित एक फॉर्म हाउस में जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। जब वे गुटखा लेने बाहर निकले, तो ग्रामीणों ने उन्हें रोक लिया और गाय-भैंस चोरी के शक में पूछताछ करने लगे। ग्रामीणों ने उनके हाथ-पैर बांध दिए और डंडे व लोहे की राड से जमकर मारपीट की। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों को छुड़ाया, जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

#### बिजौरा गांव से चोरी हुई थी भैंसे

जांच में यह भी सामने आया कि घटनास्थल से थोड़ी दूरी पर ही असली चोर लोडिंग वाहन छोड़कर भाग गए। वाहन में चार भैंसे मिली हैं। सूचना मिली कि बिजौरा गांव से भैंसे चोरी हुई हैं। मामले में थाना जावर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

### बाइक शोरूम से 7 लाख रुपए की चोरी :छत के रास्ते घुसे 2 संदिग्ध,सीसीटीवी से भी छेड़छाड़ की

दैनिक इंदौर संकेत

**खरगौन** ● बिस्टान रोड स्थित एक बाइक शोरूम में सोमवार देर रात बड़ी चोरी हो गई। बदमाश शटर मोड़कर अंदर घुसे और केस काउंटर में रखे करीब 7 लाख रुपए उड़ा ले गए। वारदात सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है, हालांकि बदमाशों ने कैमरों से छेड़छाड़ भी की है। घटना मंगलवार सुबह तब सामने आई, जब शोरूम संचालक विशाल भंडारी का बेटा करीब 9.30 बजे दुकान पहुंचा। उसने देखा कि शटर टूटा हुआ है और काउंटर में रखी रकम गायब है। संचालक के मुताबिक, बैंक में जमा करने के लिए शोरूम में 6-7 लाख रुपए रखे थे। फिलहाल किसी पर शक नहीं है।



#### चोर शटर तोड़कर अंदर घुसे थे

फोरेंसिक और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम जांच में जुटी सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। फोरेंसिक और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम ने भी जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बदमाश छत के रास्ते से अंदर आए और नाइट विजन कैमरे को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए फुटेज धुंधली दिख रही है। पुलिस का मानना है कि वारदात से पहले रैकी की गई होगी।

एएसआई आत्माराम असवारे ने बताया कि मौके से मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा करने का दावा किया गया है।

### युवक से तंग आकर युवती ने जहर खाया, मौत हरसूद में परिजन ने थाना घेरा, चक्काजाम किया

दैनिक इंदौर संकेत

**खंडवा** ● हरसूद में 29 अक्टूबर को अनुसूचित जाति की एक युवती ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। परिजन का आरोप है कि उनकी बेटी लव जिहाद का शिकार हुई और मुस्लिम लड़के के दबाव में आकर अपनी जान दे दी। घटना से गुस्साए लोगों ने देर शाम को थाने का घेराव कर दिया। लोगों के गुस्से को देखते हुए पुलिस ने अरबाज नाम के शख्स के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक, छनेरा के फोकटपुरा की नेहा (18) पिता मुकेश सावनेर को परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। समय पर इलाज नहीं मिला और युवती ने दम तोड़ दिया।



#### चारों थानों की पुलिस पहुंची, तब हटी भीड़

परिजन ने समाज के लोगों को एकजुट किया और अस्पताल से शव को ऑटो में रख थाने ले आए। इसके बाद थाने का घेराव करते हुए चक्काजाम कर दिया। हरसूद में बवाल मचाने के बाद मौके पर चार थानों की पुलिस पहुंची। पुलिस फोर्स पहुंचने के बाद भीड़ मौके से तितर-बितर हुई। तब जाकर मामला शांत हुआ। परिजन का आरोप है कि क्षेत्र में रहने वाला अरबाज शाह नाम का शख्स उनकी बेटी पर शादी के लिए दबाव बना रहा था। वह लंबे समय से उसे प्रताड़ित कर रहा था। बालिग हुई तो शादी के लिए लगातार दबाव बनाने लगा। मंगलवार रात को उसने बेटी के साथ मारपीट भी की। परिजन थाने में शिकायत करने जाने लगे तो उन्हें रास्ते में रोक लिया। बुधवार सुबह वे थाने आए, इतनी देर में बेटी ने घर पर जहर पी लिया।

#### हरसूद पुलिस ने लव जिहाद का मामला दर्ज किया

हरसूद टीआई राजकुमार राठौर ने कहा- परिजन के बयान अनुसार आरोपी अरबाज शाह के खिलाफ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम सहित एट्रोसिटी एक्ट और आत्महत्या के लिए उकसाने संबंधी धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।आरोपी अरबाज शाह की गिरफ्तारी के लिए जुटी पुलिस को उसकी लोकेशन महाराष्ट्र में मिली है। महाराष्ट्र पुलिस की मदद लेकर आरोपी को पकड़ने के लिए कवायद की जा रही हैं। वहीं थाने से भी एक टीम महाराष्ट्र के लिए रवाना की गई है।

# महिला विश्वकप कप : सेमीफाइनल में आज होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला





**मुंबई (एजेंसी)** • भारतीय महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां होने वाले महिला विश्वकप कप के दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया का मुकाबला करेगी। इस मैच में जीत के लिए भारतीय टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। इसका कारण है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम काफी मजबूत है और उसके खिलाफ भारतीय टीम का रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। आंकड़ों पर नजर डालें तो अब तक दोनो ही टीमों के बीच हुए 60 मैचों में से 49 में ऑस्ट्रेलियाई टीम जीती है जबकि केवल 11 में भारतीय टीम जीती है। भारतीय टीम अगर सात बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हरा देती है तो उसके लिए खिताब जीतना काफी आसान हो जाएगा। इस टूर्नामेंट में अब तक भारतीय टीम के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है पर इसके बाद भी अगर टीम बेहतर तरीके से खेले तो उसके पास ऑस्ट्रेलिया को हराने का अच्छा अवसर है। भारतीय टीम कोपहले दो मैच में जीत के बाद उसे लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा हालांकि इसके बाद उसने अच्छी वापसी की और सेमीफाइनल में जगह बनायी हालांकि शानदार फार्म में चल हरी प्रतीका रावल के चोटिल होकर बाहर होने से उसे झटका लगा है। प्रतिका ने इस टूर्नामेंट में पारी की शुरुआत करते हुए काफी अच्छी बल्लेबाजी की है। वहीं अब भारतीय टीम को इस मैच में जीतने के लिए अपने प्रयासों में कोई कमी नहीं रखनी होगी। प्रतिका की जगह शामिल शेफाली वर्मा कैसा प्रदर्शन करती हैं। इस पर काफी कुछ निर्भर करेगा। उप-कप्तान स्मृति मंधाना के साथ शैफाली का रिकॉर्ड (25 पारियों में 37.20 की औसत से 893 रन) रावल और मंधाना के सलामी जोड़ी के रूप में 23 पारियों में 78.21 की औसत से 1,799 रनों से काफी कम है। शैफाली आक्रमक तो हैं पर पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। इस मैच खेलना होगा कि शैफाली को उतारा जाता है या हरलीन देओल को सलामी बल्लेबाज के रूप में भेजा जाता है। हरलीन ने भी सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं और उनका रिकार्ड भी कुछ खास नहीं है पर वह लंबे समय तक बल्लेबाजी करती हैं। इससे मंधाना को दूसरे छोर से रन बनाने का अवसर रहता हहै। वहीं पिच की बात करें तो यहां हो रही बारिश के बाद भी पिच बल्लेबाजी के अनुकूल है । ऐसे में बड़े स्कोर का पीछा करना किसी भी टीम के लिए कठिन होगा।

# नेहरू स्टेडियम में पाँच टर्फ क्रिकेट पिचों का शुभारंभ

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** •शहर के खेल प्रेमियों के लिए नेहरू स्टेडियम में क्रिकेट अभ्यास हेतु पाँच आधुनिक टर्फ पिचों का शुभारंभ किया गया। 11 लाख 45 हजार रुपये की लागत से तैयार की गई इन पिचों का उद्घाटन महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने किया। इस अवसर पर विधायक महेंद्र हार्डिया, एमआईसी सदस्य एवं खेल प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया, पार्षद पति अनिल गोहर एवं आईडीसीए अध्यक्ष देवाशीष निलोसे विशेष रूप से उपस्थित रहे। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि आने वाले समय में नेहरू स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय स्तर का खेल परिसर बनाने की दिशा में नगर निगम लगभग 600 करोड़ रुपये की विकास योजना पर कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि इंदौर खेलों का केंद्र बन रहा है और नगर निगम का उद्देश्य खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं उपलब्ध कराना है।



खेल प्रभारी नंदकिशोर पहाड़िया ने बताया कि नगर निगम पहली बार शहर के 16 शासकीय स्कूलों में खेल मैदान विकसित कर रहा है, जिनमें से चार मैदान बनकर तैयार हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य है कि हर बच्चे को स्कूल स्तर से ही खेलों की बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस अवसर पर नगर निगम अधिकारियों, खेल प्रेमियों, कोचों और युवा क्रिकेटरों की बड़ी संख्या उपस्थित रही। कार्यक्रम में सभी ने नई टर्फ पिचों का निरीक्षण किया और स्टेडियम के विकास को लेकर महापौर की घोषणा का स्वागत किया।

## सिने जगत

# 'बाहुबली: द एपिक' का दूसरा ट्रेलर रिलीज़, फिर लौटा वो ऐतिहासिक जोश!

**मुंबई (एजेंसी)** • एसएस राजामौली की बाहुबली फिल्म सीरीज़ भारतीय सिनेमा का एक बड़ा हिस्सा बन गई है, एक ऐसी कहानी जिसने फिल्मों की कहानी कहने का तरीका, भव्यता और लुक्स सब बदल दिए। अपनी जबरदस्त कहानी और दिल को छू लेने वाले भावनाओं के साथ इस फिल्म ने करोड़ों लोगों का दिल जीता, कई रिकॉर्ड तोड़े और भारतीय फिल्मों के लिए नए लेवल सेट किए। वही वर्जरी फिल्ममेकर लेकर आए हैं बाहुबली: द एपिक एक नई तरह से एडिट और रीमास्टर्ड की गई फिल्म, जिसमें बाहुबली: द बिगिनिंग और बाहुबली 2: द कन्क्लूजन दोनों को जोड़कर एक शानदार सिनेमैटिक सफर बनाया गया है। जैसे-जैसे फिल्म की रिलीज़ करीब आ रही है, मेकर्स ने इसका दूसरा रोमांचक ट्रेलर भी रिलीज़ कर दिया है।




# मिस्ट्री सीरीज में ओटीटी डेब्यू करेंगी निमृत कौर अहलूवालिया

**मुंबई (एजेंसी)** • अभिनेत्री निमृत कौर अहलूवालिया पंजाबी फिल्म डेब्यू के बाद अब मिस्ट्री सीरीज़ में ओटीटी डेब्यू करेंगी। इस साल की शुरुआत में गुरु रंधावा के साथ पंजाबी फिल्म शौंकी सरदार से बड़े पर्दे पर प्रभावशाली शुरुआत करने के बाद, टेलीविजन और रियलिटी शो जैसे बिग बॉस और खतरों के खिलाड़ी से निमृत कौर अहलूवालिया अब अपने ओटीटी डेब्यू की तैयारी में हैं। चर्चा है कि उन्होंने पिछले महीने मुंबई में अपने नए प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है, जो इस समय चल रही है। हालांकि सीरीज़ और उनके किरदार से जुड़ी जानकारी फिलहाल गुप्त रखी जा रही है, लेकिन बताया जा रहा है कि यह एक कैरेक्टर-ड्रिवन ड्रामा है जिसमें रहस्य (मिस्ट्री) का तत्व भी शामिल है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि पंजाबी फिल्म डेब्यू के बाद निमृत अपने अगले कदम को लेकर काफी सोच-समझकर चल रही थीं। वह डिजिटल स्पेस में कुछ नया और दमदार करना चाहती थीं।



## उज्जैन संभाग

# सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में बी-लिस्ट के बिना घोषित हुए परिणाम

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के घोषित परीक्षा परिणामों में एक बार फिर अनियमितताएं सामने आई हैं। गोपनीय विभाग ने बी-लिस्ट (नॉमिनल रोल लिस्ट) की जांच किए बिना ही परिणाम जारी कर दिए, जिससे अब विद्यार्थियों को परिणाम में गड़बड़ी के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।नियमानुसार, परिणाम घोषित करने से पहले परीक्षा विभाग को बी-लिस्ट के माध्यम से छात्रों का डेटा जांच करना होता है। इसमें विद्यार्थियों के नाम, प्रश्नपत्र और पिछली परीक्षाओं के अंकों में सुधार की गुंजाइश होती है, ताकि अंतिम परिणाम त्रुटि रहित हों।

### विभाग ने नहीं किया बी लिस्ट का इंतजार

पिछले एक महीने में विश्वविद्यालय द्वारा बीएड, एमएड, बीए बीएड, बीएससी बीएड, एलएलबी, एलएलएम, बीए एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर और एमए जैसे विभिन्न पाठ्यक्रमों के परिणाम घोषित किए गए हैं। गोपनीय विभाग ने परिणाम जल्द जारी करने की होड़ में बी-लिस्ट का इंतजार किए बिना ही इन्हें घोषित कर दिया।

### परिणाम में सुधार के लिए विद्यार्थी लगा रहे चक्कर

परिणामों में गड़बड़ी के कारण अब विद्यार्थी सुधार के लिए परीक्षा और गोपनीय विभाग के चक्कर लगा रहे हैं। इस मामले में कुलगुरु प्रो. अर्पण भारद्वाज ने अनभिज्ञता जताई है और कहा कि वे जानकारी लेकर बताएंगे। कुलसचिव डॉ. अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि वे परीक्षा और गोपनीय विभाग से इस संबंध में चर्चा करेंगे।



### बी-लिस्ट न देकर लागत बचा रही कंपनी

विश्वविद्यालय परिणाम तैयार करने वाली एजेंसी को प्रति छात्र के हिसाब से भुगतान करता है, जो लाखों विद्यार्थियों के कारण करोड़ों में होता है।एजेंसी द्वारा पहले बी-लिस्ट तैयार की जाती है, जिसमें विद्यार्थी का पूरा डेटा होता है, फिर टीआर (टैबुलेशन चार्ट) जारी होता है और अंत में अंकसूची।परीक्षा विभाग के सूत्रों का कहना है कि एजेंसी बी-लिस्ट उपलब्ध न कराकर अपनी लागत बचा रही है।यदि एजेंसी द्वारा बी-लिस्ट नहीं दी गई है, तो अधिकारियों को प्रति छात्र दिए जाने वाले भुगतान में कटौती करनी चाहिए।

# आंवला नवमी पर राम मय हुआ बाबा श्री महाकाल का दरबार भस्म आरती में पहनी आंवले से बनी खास माला

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • कार्तिक मास शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि पर आज गुरुवार सुबह भगवान श्री महाकालेश्वर के दरबार में आस्था का अद्भुत नजारा देखने को मिला। भस्म आरती के दौरान हजारों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भक्त देर रात से ही लाइन में लगकर अपने इष्टदेव बाबा महाकाल के दर्शन के लिए पहुंचे। सुबह 4 बजे बाबा महाकाल ने भक्तों को दर्शन दिए। इस बार विशेष रूप से बाबा का श्रृंगार श्री राम के नाम से किया गया था। उनके मस्तक पर श्री राम लिखा गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल और जय श्री राम के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुजारी पंडित महेश शर्मा ने बताया कि कार्तिक शुक्ल नवमी, जिसे आंवला नवमी के नाम से भी जाना जाता है, पर भगवान महाकाल की विशेष भस्म आरती संपन्न हुई। वीरभद्र जी से आज्ञा लेकर मंदिर के पट खोले गए, जिसके बाद पंडे-पुजारियों ने गर्भगृह में स्थापित समस्त देव प्रतिमाओं का पूजन-अभिषेक किया। भगवान महाकाल का जलाभिषेक दूध, दही, घी, शक्कर, पंचामृत और फलों के रस से किया गया। इसके बाद दिव्य श्रृंगार किया गया और कपूर आरती के उपरांत बाबा को नवीन मुकुट धारण कराया गया।

# नानाखेड़ा से नीलगंगा तक होगा चौड़ीकरण, 40 करोड़ की लागत से 18 मीटर चौड़े रोड पर सेंट्रल लाइटिंग

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • सिंहस्थ कुंभ से पहले नानाखेड़ा के गेल इंडिया से लेकर नीलगंगा तक 2.76 किलोमीटर लंबे मार्ग का चौड़ीकरण होगा। 18 मीटर चौड़े रोड का निर्माण किया जाएगा। जिसमें सेंट्रल लाइटिंग, पाथवे निर्माण, डिवाइडर सहित अन्य कार्य होंगे। रोड चौड़ीकरण को लेकर निगम की टीम ने सेंट्रल मार्किंग शुरू कर दी है। सिंहस्थ महापर्व 2028 को देखते हुए शहर के प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्गों का चौड़ीकरण कार्य नगर निगम द्वारा शुरू किया है। केटीएम शोरूम से शांति नगर होते हुए नीलगंगा तक का मार्ग चौड़ीकरण के लिए सेंट्रल लाइन मार्किंग का कार्य प्रारंभ किया है।



मार्किंग का कार्य पूर्ण होने के पश्चात मकानों पर निशान लगाने और फिर मार्ग को चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा। जल्द ही रहवासियों को नोटिस जारी करते हुए चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया जाएगा।

### ऐसा होगा रोड

गेल इंडिया से केटीएम शोरूम होते हुए शांति नगर नीलगंगा चौराहा तक 2.76 किलोमीटर लंबे मार्ग पर लगभग 40 करोड़ की लागत से चौड़ीकरण कर 18 मीटर चौड़े रोड का निर्माण किया जाएगा।

जिसमें सेंट्रल लाइटिंग, पाथवे निर्माण, डिवाइडर आदि कार्य किए जाएंगे, चौड़ीकरण कार्य के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है एवं संबंधित एजेंसी को जल्द ही वर्क ऑर्डर जारी किया जाकर कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा।

# रतलाम डीआरएम ने सिंहस्थ-2028 तैयारियों का निरीक्षण किया, प्रशासनिक अधिकारियों संग तैयारियों पर की चर्चा

**दैनिक इंदौर संकेत**

**उज्जैन** • रतलाम मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) ने मंगलवार को सिंहस्थ 2028 से संबंधित रेलवे क्षेत्र के विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उज्जैन जिले के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए हैं।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरूप सिंहस्थ 2028 की तैयारियां तेजी से की जा रही हैं। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार दोपहर डीआरएम रतलाम अश्विन कुमार उज्जैन पहुंचे। उन्होंने सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह, एडीजीपी उमेश जोगा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए होल्डिंग




एरिया और फुट ओवरब्रिज (एफओबी) के निर्माण से संबंधित तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान विक्रम नगर पर होल्डिंग एरिया बनाने के लिए जगह चिह्नित करने और इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को बढ़ाने पर चर्चा हुई। जानकारी दी गई कि जयसिंहपुरा स्थित अंडरब्रिज का टेंडर जारी हो चुका है। उज्जैन स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज के संबंध में की जा रही तैयारियों पर भी चर्चा की गई। डीआरएम ने नए स्टेशनों का भी निरीक्षण किया।

**डीआरएम ने जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ निरीक्षण कर तैयारियों पर चर्चा की** - सिंहस्थ के दौरान ट्रेनों को पार्क करने के लिए नईखेड़ी, चिंतामण गणेश, फतेहाबाद, चंद्रावतीगंज और ताजपुर स्टेशनों पर अस्थायी लूपलाइन बिछाने से संबंधित चल रहे कार्यों का भी अवलोकन किया गया। रेलवे विभाग सिंहस्थ के समय विशेष ट्रेनें चलाने की भी योजना बना रहा है।

इस निरीक्षण के दौरान डीआईजी नवनीत भसीन, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, एसपी प्रदीप शर्मा, रेलवे की ओर से मेला अधिकारी कुंजीलाल मीना, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) पीयूष पांडेय और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हीना वी. केवलरामानी सहित मंडल के अन्य शाखाधिकारी एवं अधिकारी उपस्थित थे।

## भोपाल से लेकर इंदौर तक राजनीतिक मेल-मिलाप...





भोपाल में विधायक मालिनी गौड़ ने अपने पुत्र एकलव्य गौड़ के साथ मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात की, वहीं दूसरी तरफ इंदौर में टीम सुमित विधायक मधु वर्मा और भाजपा के वरिष्ठ नेता बाबूसिंह रघुवंशी के घर आशीर्वाद लेने पहुंची।

# बीजेपी कार्यालय की कानाफूसी : कालिख पोतने वाले हमलावरों पर कार्रवाई क्यों नहीं?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● बीजेपी नगर कार्यकारिणी की घोषणा के बाद खाती समाज के लोगों द्वारा किए गए प्रदर्शन की पोल पहले ही खुल चुकी है। यह सभी पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती के समर्थक थे। साथ ही एक मनीष चौधरी तो उनका दामाद ही था। इस मामले में अब सवाल उठ रहे हैं कि बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा ने अभी तक संबंधितों पर एफआईआर क्यों नहीं कराई है। संघ के प्रचारक रहे प्रमोद झा एक समय इंदौर और मालवा रीजन में बड़ी ताकत थे, लेकिन इनकी एक गलती ने हाशिये पर ला दिया और राजनीति खत्म हो गई। बीजेपी संगठन से किसी बात से नाराज होकर इनके समर्थकों ने बीजेपी इंदौर दफ्तर में जमकर तोड़फोड़ की थी। इसके बाद संघ और बीजेपी संगठन दोनों ने इन्हें दरकिनार कर दिया। अब इस मामले में पूर्व विधायक जीतू जिराती के राजनीतिक अस्तित्व पर बात आ गई है। भले ही यह कहकर मामले को डायवर्ट किया जा रहा है कि यह प्रदर्शन करने वाले कांग्रेसी थे, लेकिन प्रदर्शन में शामिल सारे लोग जिराती कैंप के हैं। बात अब दूर तलक जा रही है।



### मंत्री गुट के हैं जीतू, आईडीए की दौड़ में लगे हैं

जिराती मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के गुट के हैं। उन्हीं के चलते उन्हें टिकट मिला था और वह विधायक बने थे, लेकिन फिर जीतू पटवारी से चुनाव हार गए।

इसके बाद उनका टिकट कटा और अब राऊ से बीजेपी के मधु वर्मा विधायक हैं। जिराती अब प्रदेश कार्यकारिणी से भी बाहर हो चुके हैं। उनकी नजरें लंबे समय से इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) चेयरमैन की कुर्सी पर हैं। अब इस कांड के बाद उनके नंबर तेजी से घटे हैं। अब मंत्री ही उनकी नैया पार लगा सकते हैं।

**खाती समाज की नाराजगी**–इस प्रदर्शन को लीड खुद को राष्ट्रीय खाती समाज का उपाध्यक्ष बताने वाले पवन चौधरी ने किया। यह वही चौधरी है जो विधायक रमेश मेंदोला की विधानसभा दो से पार्षद की टिकट में लगे थे, लेकिन मेंदोला के व्यक्ति को पार्षद टिकट मिलने से नाराज थे।

बताया जा रहा है कि इसी बात की खुन्नस निकाली गई। क्योंकि कार्यकारिणी में पूरी तरह से विधायक मेंदोला, विधायक गोलू शुक्ला और इंदौर बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा की चली है। इस मामले में जीतू जिराती ने कहा था कि– यह प्रदर्शन मैंने नहीं करवाया। बड़े-बड़े समंदर मैंने छोड़ दिए, तो यह कहां छोटे दरिया में मैं पड़ूंगा। मनीष मेरे दामाद हैं, लेकिन वह प्रदर्शन में नहीं थे। मैं पार्टी लाइन पर चलने वाला कार्यकर्ता हूं। मैंने कोई प्रदर्शन नहीं करवाया।

**साभार द सूत्र**

### नशे में किया पूरा तमाशा

जिस मिलाप मिश्रा ने नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा की नेम प्लेट पर कालिख पोती और बाहर पोस्टर पर कालिख लगाई, वह पूरी तरह नशे में था। मंगलवार दोपहर में कार्यकारिणी की घोषणा के बाद नीलेश चौधरी का नाम नहीं होने के बाद उसने शराब पी और फिर यह कांड किया। प्रदर्शन के दौरान कई लोगों ने तो जानबूझकर चेहरे ढके थे ताकि वह पहचान में न आ सके। मिलाप मिश्रा ने पहले बाहर लगे पोस्टर में सुमित मिश्रा के चेहरे पर ब्लैक स्प्रे किया। इसके बाद भी मन नहीं माना तो वह बीजेपी दफ्तर में घुसा और फिर दोनों नेम प्लेटों पर कालिख पोती। इसके पहले लोगों ने नारेबाजी की और बीजेपी नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा का पुतला फूंका।

# मध्यप्रदेश में 50 लाख वोटर हटाने की तैयारी- सिंघार

## नेता प्रतिपक्ष ने कहा- एसआईआर यानी सिलेक्टिव इंटेंसिव रिमूवल, 1 महीने में वोटर्स की जांच कैसे संभव?

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● एमपी सहित 12 राज्यों में चल रही स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाए है। भोपाल में अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सिंघार ने कहा कि चुनाव आयोग ने इसे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का नाम दिया है, लेकिन वे इसे सिलेक्टिव इंटेंसिव रिमूवल मानते हैं यानी वोटर लिस्ट से चुनिंदा नाम हटाने की प्रक्रिया। उन्होंने सवाल उठाया कि जब आयोग हर साल स्पेशल समरी रिवीजन (एसएसआर) करता आया है, तो अब एसआईआर की आवश्यकता क्यों पड़ी? हर साल जनवरी में नाम जोड़ने और हटाने का काम होता है, तो क्या आयोग को अपनी ही प्रक्रिया पर विश्वास नहीं है? अगर आयोग को खुद पर भरोसा नहीं, तो जनता उस पर कैसे भरोसा करेगी? सिंघार ने कहा कि उन्होंने 19 अगस्त को हुई एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में वोट चोरी के कई प्रमाण प्रस्तुत किए थे, लेकिन अब तक न एमपी चुनाव आयोग और न ही भारत निर्वाचन आयोग ने कोई जवाब दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ने चुनाव आयोग के एजेंट के रूप में जवाब दिया था। सिंघार ने कहा, दो महीने में 16 लाख वोट बढ़े थे, और 9 जून 2025 को आयोग ने पत्र जारी कर कहा कि अंतिम सूची के बाद जो नाम जोड़े जाएंगे, उनकी जानकारी न तो किसी वेबसाइट पर डाली जाएगी, न किसी को दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एमपी के अलावा कई अन्य राज्यों में भी आयोग ने इस तरह के आदेश जारी किए हैं।



### 50 लाख लोगों के नाम काटने साजिश है यह

सिंघार ने कहा कि बिहार में लाखों लोगों को वोटर लिस्ट से हटा दिया गया। कई मजदूर जो बाहर काम कर रहे थे, उन्हें डिलीट लिस्ट में डाल दिया गया। उन्होंने लोकसभा में 20 जुलाई 2023 को दिए गए एक जवाब का हवाला देते हुए कहा कि 50 लाख एमपी के लोग बाहर काम करते हैं, तो क्या उन्हें एमपी वापस आना पड़ेगा कि वे यहां के निवासी हैं? उनका आरोप था कि 50 लाख लोगों के नाम काटने की साजिश रची जा रही है। जब 16 लाख वोटों में गड़बड़ी की स्थिति बन सकती है, तो 50 लाख नाम काटने पर क्या होगा?

# बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन ने शुरू किया जागरूकता अभियान

**दैनिक इंदौर संकेत**

**इंदौर** ● देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले शादियों के मौसम से पहले, इंदौर ज़िला प्रशासन ने ज़िले भर में बाल विवाह रोकने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया है। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा, देवउठनी एकादशी से शुरू होने वाले शुभ समय के दौरान बाल विवाह की संभावना को ध्यान में रखते हुए ज़िले भर में रैलियाँ, कार्यशालाएँ और शपथ समारोह सहित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे।

महिला एवं बाल विकास विभाग (डब्ल्यूसीडी) बाल विवाह निषेध अधिनियम को लागू करने के लिए जमीनी स्तर पर जागरूकता पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। जिला कार्यक्रम अधिकारी रजनीश सिंह के नेतृत्व में विभाग ने स्कूली शिक्षा विभाग के साथ मिलकर हाई स्कूलों और हायर सेकेंडरी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करके युवाओं को शिक्षित करने पर केंद्रित एक रणनीति शुरू की है। छात्रों को बाल विवाह निषेध अधिनियम के प्रावधानों और इस प्रथा के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में जानकारी दी जा रही है। इस अभियान का एक प्रमुख घटक किशोर लड़कों और लड़कियों को बाल विवाह का सक्रिय रूप से विरोध करने और इसकी सूचना देने की शपथ दिलाना है। हाल ही में मल्हार आश्रम स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक सी.एम. राइज स्कूल में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान चाइल्डलाइन और अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानून की बारीकियों पर विस्तृत प्रस्तुतियाँ दीं। स्कूल के प्रधानाचार्य देवेंद्र रमेश और शिक्षण स्टाफ ने छात्रों को बाल विवाह विरोधी औपचारिक शपथ भी दिलाई। विभाग अपनी तैयारियों के तहत विभिन्न समूहों को संगठित कर रहा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शादियों के मौसम में किसी भी नाबालिग की शादी न हो।

# मंत्री विजयवर्गीय ने मल्हारगंज में स्टेशन नहीं बनाने की घोषणा की थी

● मेट्रो अधिकारियों ने काम बंद करने से किया मना - बोले लिखित आदेश लाओ

● मेट्रो ट्रेन के प्रस्तावित रूट के मामले के निपटारे के लिए आज की जाएगी बैठक

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● इंदौर को मेट्रो ट्रेन के प्रस्तावित रूट को लेकर ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सुपर कॉरिडोर चौराहे से लेकर विजयनगर, होटल रेडिसन से लेकर खजराना तक एलिवेटेड एरिया के आगे का मेट्रो का मार्ग रहवासियों के विरोध के कारण अवरुद्ध है। अभी तक यही तय नहीं है कि मेट्रो कहां पर एलिवेटेड रहेगी और कहां अंडरग्राउंड होगी। यह विवाद अभी सुलझा भी नहीं था कि मल्हारगंज स्थित छोटा गणपति मंदिर के सामने अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाने के विरोध को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक तथा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने स्टेशन नहीं बनाने की घोषणा कर दी है लेकिन काम रोकने के एवज में मेट्रो कॉरपोरेशन के अधिकारियों ने मानने से इनकार करते हुए लिखित में आदेश मांग लिया है। इससे विवाद और बढ़ गया है।

मामले के निपटारे के लिए मंत्री विजयवर्गीय 30 अक्टूबर को बैठक लेंगे। मेट्रो के कुल 31.3 2 किलोमीटर के एलिवेटेड और अंडरग्राउंड रूट को लेकर मामला आरंभ से ही उलझता रहा है। मेट्रो शहर के मध्य क्षेत्र के लिए एलिवेटेड रहेगी या अंडरग्राउंड चलेगी, इस पर और यह मध्य क्षेत्र में प्रवेश खजराना से करेगी अथवा कनाडिया रोड से यह भी अभी तक तय नहीं है जिससे यहां पर काम ही आरंभ नहीं हो पाया है। इसी तरह शहर के बीचोंबीच से अंडरग्राउंड मेट्रो को निकालने तथा मल्हारगंज स्थित छोटा गणपति मंदिर के सामने प्रस्तावित अंडरग्राउंड मेट्रो स्टेशन बनाने का भी विरोध हो रहा है। मंत्री की घोषणा को नजर अंदाज करते हुए मेट्रो कॉरपोरेशन की एक टीम मंगलवार को दोपहर में मल्हारगंज स्थित प्रस्तावित अंडर ग्राउंड मेट्रो स्टेशन के लिए मिट्टी का परीक्षण करने हेतु जगह देखने पहुंची थी, लेकिन वहां पर रहवासियों के विरोध के चलते टीम को वापस लौटना पड़ा।



# प्रदेश सरकार की आमदनी अठन्नी और ख़र्चा रुपैया- कमलनाथ

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता कमलनाथ ने कहा कि मध्य प्रदेश की सरकार की आमदनी और ख़र्च के बीच आमदनी अठन्नी और ख़र्चा रुपैया वाली स्थिति आ गई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक बार फिर से 5200 करोड़ रुपये का कर्ज़ लिया है। इसके बाद प्रदेश के ऊपर कुल कर्ज़ की राशि अब 4.60 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जबकि मध्य प्रदेश सरकार का बजट 4.21 लाख करोड़ रुपये है।



इस तरह मध्य प्रदेश के वित्तीय हालात ये हैं कि सरकार साल भर में जितनी आय प्राप्त करती है उससे ज़्यादा का कर्ज़ सरकार के पास हो गया है। ग़ौर से देखें तो सरकार के बजट और कर्ज़ के बीच क़रीब 40, हज़ार करोड़ रुपये का अंतर आ चुका है।कई बार तो कर्ज़ का ब्याज चुकाने के लिए भी प्रदेश सरकार को नया कर्ज़ लेना पड़ता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि प्रदेश की इतनी ख़राब वित्तीय हालत होने के बावजूद भाजपा के नेता अपनी शानोशौकत पर सरकारी पैसा ख़र्च करने में ज़रा भी नहीं हिचक रहे। कर्ज़ में डूबे प्रदेश के बावजूद सरकार ने एक हवाई जहाज़ ख़रीदने का फ़ैसला किया है। मंत्रियों के बंग्लों की साज सज्जा पर ख़र्च किया जा रहा है और घोषणा करने वाली इवेंटबाज़ी पर भी जमकर पैसा लुटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इतना भारी कर्ज़ लेने के बावजूद ना तो लाड़ली बहनों को वादे के मुताबिक़ 3 हज़ार रुपया प्रतिमाह दिए जा रहे और न ही किसानों को गेहूं और धान का वह समर्थन मूल्य दिया जा रहा है जिसका वादा भाजपा ने विधानसभा चुनाव में किया था। बेरोजगारों के लिए नौकरी नहीं है और छात्रों की छात्रवृत्ति का पैसा भी सरकार के पास नहीं है। ज़ाहिर है कि भाजपा सरकार में वित्तीय प्रबंधन पूरी तरह ग़ायब है और मन मर्ज़ी से जनता का पैसा फिज़ूलखर्ची में उड़ाया जा रहा है।

# बड़े सिंधिया ने खारिज किया छोटे सिंधिया का फैसला

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**इंदौर** ● मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के अध्यक्ष महानआर्यमन सिंधिया ने जो फैसला लिया था, उसे केवल चार दिनों में खारिज कर दिया गया। यह मामला एमपीपीएल गवर्निंग बॉडी में दो नई नियुक्तियों से जुड़ा है। इन नियुक्तियों पर सवाल उठे तो ज्योतिरादित्य सिंधिया के हस्तक्षेप के बाद दोनों नियुक्तियों को खारिज कर, नए सदस्य नियुक्त किए गए हैं। सिंधिया के इस मूव को बेटे की मदद के रूप में भी देखा जा रहा है। चर्चा है कि राजनीति में बड़ी लॉन्चिंग से पहले ही युवराज कोई फाउल प्ले न कर बैठें। ऐसे में हर कदम फूंक- फूंककर रखना ही ठीक रणनीति होती है। हाल ही में मध्यप्रदेश प्रीमियर लीग की गवर्निंग बॉडी में दो नियुक्तियां की गई थीं। इन नियुक्तियों में रिपुदमन तोमर और धीरज पाराशर के नाम सामने आए थे। जैसे ही इन नियुक्तियों की जानकारी मिली, सवाल उठने लगे कि इन दोनों का क्रिकेट में क्या योगदान है? दरअसल रिपुदमन तोमर के पिता मध्यप्रदेश सरकार में ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर हैं। प्रद्युम्न सिंह तोमर को भी एमपीएल गवर्निंग बॉडी में नियुक्त किया गया था। वहीं धीरज पाराशर को सिंधिया के स्टाफर के परिवार का बताया जा रहा है। धीरज पाराशर पहाड़गढ़ मुरैना क्षेत्र से हैं। खैर, इन नियुक्तियों के खिलाफ सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं आने लगीं। खासकर वंशवाद और राजनीतिक साजिश के आरोपों का सामना करना पड़ा। जल्द ही खबर ग्वालियर से दिल्ली तक फैल गई। यह आरोप था कि ये दोनों नियुक्तियां क्रिकेट के बजाय राजनीतिक समीकरणों पर आधारित थीं। फिर, अचानक ही 28 अक्टूबर को ग्वालियर-चंबल क्षेत्र के युवा नेताओं संग्राम सिंह करम और विजय प्रकाश शर्मा को नई नियुक्ति दी गई। जीडीसीए सचिव संजय आहूजा के दस्तखत से यह आदेश जारी किया गया है। इस तरह महाआर्यमन सिंधिया के इन फैसलों को चार दिन में खारिज कर दिया।



### क्या है पूरा मामला

● मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने एमपीएल गवर्निंग बॉडी में दो नए नाम नियुक्त किए थे। ● इनमें रिपुदमन तोमर और धीरज पाराशर का नाम था, जिनकी नियुक्ति पर सवाल उठ गए। ● दोनों नियुक्तियां विवादों में घिरीं, क्योंकि वे जीडीसीए के ही सदस्य नहीं थे। ● मामला बढ़ने पर, ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इन नियुक्तियों को खारिज करवा दिया।

# एक दिसंबर से शुरू होगा विधानसभा का शीतकालीन सत्र

**इंदौर संकेत प्रतिनिधि**

**भोपाल** ● मध्यप्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तारीखों का ऐलान हो गया है। मध्य प्रदेश विधानसभा का शीतकालीन सत्र 1 दिसंबर से 5 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के संबंध में विधानसभा सचिवालय ने अधिसूचना जारी कर दी है। शीतकालीन सत्र के दौरान विधायको के प्रश्नों के जवाब के साथ कई महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए जाएंगे। वहीं विपक्ष प्रदेश सरकार को रोजगार, महंगाई और किसानों के मुद्दों पर घेरने की तैयारी में है। अधिसूचना में बताया गया है कि सत्र के दौरान प्रश्नकाल और शून्यकाल भी होंगे, ताकि जनहित से जुड़े विषयों पर चर्चा हो सके।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक : अक्षय तिवारी द्वारा मेसर्स डी.बी.कार्प लिमि. 44-45/ए, 50-51/ए, सेक्टर एफ इंडस्ट्रीयल एरिया, सांवेर रोड़, इंदौर (मप्र)- 452008 से मुद्रित एवं 5/6, नार्थ राजमोहल्ला (गुरूद्वारे के सामने), इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। आरएनआई - एमपीएचआईएन/2021/81650
सभी विवादों के लिए न्याय क्षेत्र केवल इंदौर रहेगा। समाचार पत्र में व्यक्तिगत नाम से प्रकाशित खबर एवं आलेख के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।